tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | आपकी आवाज के साथ.... | RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज़ — हिन्दुस्तान पत्रिका HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, रविवार 19 मई, 2024 | वर्षः 2 | अंकः 207 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.

## 47 डिग्री पार कर गई गर्मी, भट्टी की जैसे तपने लगा प्रदेश

**राजस्थान की राजनीति/नई दिल्ली**



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आप नेताओं को गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के सभी नेताओं को जेल भेजने की चुनौती दी है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि ये रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए। मैं रविवार को दोपहर 12 बजे आप के सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं। इसके बाद सबको जेल में डाल दो। भाजपा की साजिश पूरा देश देख रहा है। आप के नेताओं के पीछे पड़े हैं। पहले मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा और अब मुख्यमंत्री के पीए को जेल में डाल दिया है। 'आप' का कसूर सिर्फ इतना है कि दिल्ली में स्कूल बनवाए, अस्पताल व मोहल्ला क्लीनिक बनाकर मुफ्त इलाज दिया, 24 घंटे और मुफ्त बिजली दी, जो ये नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गलतफहमी में हैं कि वो नेताओं को जेल में डालकर आप को कुचल देंगे। ऐसे तो आम आदमी पार्टी खत्म नहीं होने वाली है। उन्होंने शनिवार को अपने पीएम बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने के बाद प्रेसवार्ता की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा अभी लंदन से लौटे हैं और ये कह रहे हैं कि उनको भी जेल में डालेंगे। ये कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालेंगे। ये लोग सरकारी स्कूल नहीं बना सकते। इसलिए ये लोग दिल्ली में सरकारी स्कूल बनने रोकना चाहते हैं। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि आप जिस-जिस को जेल में डालना चाहते हैं, आप जेल में डाल दो। आप एक बार सभी नेताओं को जेल में डाल कर देख लो। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो पूरे देश के अंदर लोगों के दिल में चला गया है। आप आम आदमी पार्टी के जितने नेताओं को जेल में डालोगो, उससे सौ गुना नेता यह देश पैदा करेगा। इससे पहले माना जा रहा था कि केजरीवाल अपने निजी सचिव बिभव कुमार को लेकर अपनी देश के सामने रखेंगे। बता दें कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में बिभव कुमार को आज ही दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद बिभव ने तीस हजारी कोर्ट ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका दायर की जहां से उन्हें राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

# अमेठी में उतरी राजस्थान कांग्रेस की फौज! गहलोत सहित ये 31 कांग्रेसी नेता उतरे 'मैदान' में

**राजस्थान की राजनीति/जयपुर**

अमेठी लोकसभा सीट का चुनाव कांग्रेस के लिए कई मायनों अहम है। यह सीट गांधी परिवार की परंपरागत सीट रही है और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी अमेठी लोकसभा से लगातार सांसद चुने गए। पिछले लोकसभा चुनाव यानी वर्ष 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। इस बार राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं जबकि अमेठी से किशोरी लाल शर्मा चुनाव मैदान में हैं। अमेठी लोकसभा का सीनियर ऑब्जर्वर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बनाया गया है। राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले अशोक गहलोत ने राजस्थान के कांग्रेसी नेताओं की पूरी फौज अमेठी में उतार दी। पांचवें चरण के तहत 20 मई को अमेठी में मतदान होना है। आज शनिवार को प्रचार का अंतिम दिन है।

### गहलोत के साथ कांग्रेस के 33 नेता कर रहे प्रचार

कांग्रेस हाईकमान ने अशोक गहलोत को अमेठी लोकसभा का सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया। यानी प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी गहलोत को सौंपी गई थी। गहलोत ने राजस्थान के 33 कांग्रेसी नेताओं को अमेठी में उतार दिया। सभी नेताओं को अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ सहित कई नेता लगातार कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में जन सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। धर्मेंद्र राठौड़ को अशोक गहलोत ने कॉ-ऑर्डिनेशन का जिम्मा देते हुए चुनाव समन्वयक बनाया है।



### अंतिम दिन प्रचार में झोंकी पूरी ताकत


सीनियर ऑब्जर्वर के रूप में अशोक गहलोत पिछले 10 दिन से अमेठी में व्यस्त हैं। दो दिन पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी अपनी टीम के साथ अमेठी पहुंच गए। इन दोनों सीनियर नेताओं के साथ 31 अन्य कांग्रेसी नेता भी अमेठी के चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इनमें 3 मौजूदा विधायक और 9 पूर्व विधायक शामिल हैं। मौजूदा विधायकों में अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा और रफीक खान शामिल हैं जबकि पूर्व विधायकों में सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, दानिश अबरार, चेतन डूडी, बाबूलाल नागर (पूर्व मंत्री), भजनलाल जाटव (पूर्व मंत्री), संदीप चौधरी (पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त)स राजेंद्र यादव, लाखन मीणा, संदीप यादव, जोगेंद्र अवाना शामिल हैं।

### अमेठी लोकसभा क्षेत्र को 17 क्षेत्रों में बांटा गहलोत ने

अमेठी लोकसभा क्षेत्र में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इन 8 विधानसभा क्षेत्रों को 17 अलग अलग क्षेत्रों में बांट दिया गया है। इन 17 क्षेत्रों में राजस्थान के अलग अलग कांग्रेसी नेता प्रचार की कमान संभाल रहे हैं। प्रचार करने वाले नेताओं में हारून रशीद, हेम सिंह शेखावत, देशबंधु शर्मा, चेतन डूडी, दानिश अबरार, विधायक रफीक, बाबूलाल नागर, नरेंद्र सिंह भाटी, पूर्व मंत्री भजनलाल जाटव, धर्मेंद्र सिंह राठौड़, सर्वेश पारीक, ताराचंद मीना, नौरत गुर्जर, पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, संदीप चौधरी, लाखन मीणा, दीनबंधु शर्मा, करण सिंह उचियारड़ा, प्रकाश बिश्नोई, दिनेश खोडनिया, जोगेंद्र अवाना, अशोक पोसवाल, सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, यशवर्धन सिंह शेखावत, भानु प्रताप सिंह, पवन गोदारा, संदीप यादव, राजेंद्र सोलंकी, पन्नालाल कच्छावा, महेंद्र गहलोत और शमशेर खान शामिल हैं।

## रील्स बनाने वाले हो जाएं सावधान! जान लीजिए राजस्थान पुलिस का फरमान, नहीं तो जाना पड़ेगा जेल

**राजस्थान की राजनीति/जयपुर**



राजस्थान पुलिस अब सोशल मीडिया को लेकर जबरदस्त एक्शन मोड में है। पुलिस की वर्दी में रील्स बनाने वाले पुलिस कर्मियों पर नकेल कसने के बाद अब पुलिस का सोशल मीडिया के शौकीन लोगों पर बड़ा एक्शन प्लान है। इसके तहत यदि कोई व्यक्ति भी अगर किसी हथियार के साथ रील्स बनता है, तो उसकी अब खैर नहीं होगी। भले ही उसने नकली हथियारों के साथ ही रील्स क्यों ना बनाई हो, अगर ऐसा पाया गया, तो उन्हें जेल की हवा खानी पड़ सकती हैं। इसको लेकर राजस्थान पुलिस महानिदेशक ने अब निर्देश जारी कर दिए हैं।

### हथियारों के साथ रील्स बनाई, तो नहीं होगी फिर खैर

सोशल मीडिया पर सस्ती लोकप्रियता के लिए लोग हथियारों के साथ रील्स बनाते हैं। इस दौरान कई ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिनमें लोग हथियारों के साथ फायरिंग भी करते हुए नजर आते हैं। राजस्थान पुलिस ने सोशल मीडिया पर इन रील्स की भरमार बढ़ने पर अब बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया हैं। इसको लेकर अब ऐसे लोग, जो हथियार के साथ रील्स बनाते हैं, चाहे वह नकली हथियार ही क्यों न हो, यदि इस मामले में शिकायत मिली, तो पुलिस उन पर सख्त कार्रवाई करेगी। इस दौरान पुलिस की सोशल मीडिया टीम भी इस पर पूरी नजर रखेगी और ऐसा पाए जाने पर उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिसकर्मियों पर पहले ही लगा चुके हैं प्रतिबंध

बता दें कि राजस्थान पुलिस महानिदेशक बीते दिनों पुलिस की वर्दी में सोशल मीडिया पर रील्स बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। इसमें कहा है कि यदि कोई पुलिसकर्मी वर्दी में रील्स बनाता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके चलते डीजीपी ने 7 पुलिस कर्मियों को भी सस्पेंड किया था। इस दौरान वर्दी में रील्स बनाने वाले पुलिसकर्मियों में डीजीपी के आदेश से हड़कंप मच गया। पुलिस का मानना है कि वर्दी में रील्स बनाने से पुलिस की वर्दी की गरिमा को नुकसान पहुंचता हैं।

### भजनलाल बोले-मोदी राज में विदेशों में भारत का डंका बजा

**भुवनेश्वर/जयपुर** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में देश ने जो तरक्की की है, उससे भारत का दुनियाभर में गौरव बढ़ा है। देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। ?दुनिया के देश आज भारत पर भरोसा कर रहे हैं। देश की यही प्रगति बरकरार रखने के लिए देशवासी मोदीजी को तीसरी बार सत्ता में लाना चाहते हैं। केंद्र में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। भजनलाल भुवनेश्वर और पुरी में प्रवासी राजस्थानियों के सम्मेलन में बोल रहे थे। सीएम ने कहा-कई राज्यों के दौरे के बाद यह अनुभव हुआ कि प्रवासी राजस्थानी और मारवाड़ी कहीं भी रहे वहां अपना वजूद रखते हैं। उनमें देशभक्ति की भावना होती है। प्रवासी राजस्थानियों ने उड़ीसा में रहकर यहां के लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। प्रवासी राजस्थानी यहां के लोगों के सुख-दुख में काम आते हैं

## लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की बड़ी साजिश नाकाम, 8889 करोड़ की नशीली दवाएं, शराब और नकदी जब्त

**राजस्थान की राजनीति/नई दिल्ली**




देशभर में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। पांचवे चरण के मतदान के लिए 49 सीटों पर होने वाला चुनाव प्रचार थम गया है। इस बीच चुनाव आयोग ने हर गतिविधि पर अपनी नजर बनाई हुई है। अब आयोग द्वारा एक महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के बीच अलग अलग कार्रवाईयों में 8,889 करोड़ रुपये नकदी और नशीली दवाएं बरामद की है। अधिकारियों ने बताया कि इस धन और ड्रग्स के जरिए मौजूदा लोकसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित किया जाना था। अधिकारियों द्वारा बरामद की गई वस्तुओं में सबसे बड़ा हिस्सा यानी 45 प्रतिशत हिस्सा नशीली दवाओं का है। करीब 3,959 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। चुनाव अधिकारी ने कहा कि ड्रग्स, शराब, कीमती धातुएं, मुफ्त चीजें और नकदी अलग-अलग स्तर पर चुनावों को प्रभावित करते हैं। इस मामले से जुड़े एक अधिकारी का कहना है कि नशीली दवाएं, शराब, कीमती धातुएं और नकदी का इस्तेमाल अलग-अलग स्तर पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार चुनाव आयोग ने नशीले पदार्थों को जब्त करने पर जोर दिया है। आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद पता चला है कि जिन राज्यों के रास्ते नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती थी, वो राज्य अब तेजी से नशे का केंद्र बन रहे हैं। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और भारतीय तटरक्षक बल की साझा कार्रवाईयों में नशीले पदार्थों की तीन बड़ी बरामदगियां की गईं हैं। सिर्फ तीन दिन के भीतर 892 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त की गईं हैं। इसके अलावा अब तक की सभी कार्रवाईयों में 849.15 करोड़ रुपये नकदी, 814.85 करोड़ रुपये की शराब, और 3,958.85 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं और 1,260.33 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं जब्त की गईं हैं।



## अंबाला में पीएम मोदी ने पड़ोसी मुल्क पर बोला हमला

# पाकिस्तान के हाथ में है भीख का कटोराः मोदी

**राजस्थान की राजनीति/अंबाला।**




हरियाणा में पीएम मोदी आज अंबाला और सोनीपत में रैली के लिए पहुंच गए हैं। इस दौरान वो अंबाला कुरुक्षेत्र और करनाल के मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, रतनलाल कटारिया की पहली पुण्यतिथि पर चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा है। पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार है, जो अफगानिस्तान के युद्धक्षेत्र से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को अदब के साथ स्वदेश लाई। हमारी सरकार ने ही साहिबजादों की याद में 'वीर बाल दिवस' मनाना शुरू किया है। देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने भारत की सेना में ही किया था। इस ट्रैक रिकॉर्ड को कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, हमेशा बनाए रखा। बोफोर्स घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला... कांग्रेसी, भारत की सेनाओं को कमजोर बनाकर रखते थे ताकि विदेश से हथियार मंगाने के नाम पर मोटी कमाई कर सकें। हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेट प्रूफ जैकेट भी ठीक से नसीब नहीं होते थे। उनके पास अच्छी राइफल तक नहीं थीं। मैंने भारत की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान शुरु किया। आज सेना को मेड इन इंडिया हथियार मिल रहे हैं। जो भारत कभी दूसरे देशों से हथियार मंगाता था, वो अब दूसरे देशों को हथियार बेच रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जो पाकिस्तान 70 वर्षों से भारत को परेशान कर रहा था, जिसके हाथ में बम का गोला रहता था, आज उसके हाथ में भीख का कटोरा है। जब धाकड़ सरकार होती है, तो ऐसे ही दुश्मन कांपता है। आज दुनिया के सामने भारत सुपर फूड लेकर आया है। न्यूट्रिशियन की दुनिया में भारत बहुत कुछ देने की ताकत में है। पोषक आहार का हब बनाने की हमारे में ताकत है। हरियाणा का किसान जो मोटा अनाज उगाता है, उसे मोदी दुनिया तक पहुंचाना चाहता है। सुपर फूड की पहचान हरियाणा और राजस्थान के किसानों से है, यह उनके लिए बड़ा अवसर है। मोदी ने कहा कि हम दुनिया की सबसे बड़ी योजना लेकर आए हैं। हम दो लाख से ज्यादा गोदाम बनाने पर काम कर रहे हैं, हमारे देश में अनाज के इतने बड़े भंडारण होंगे, उस दिशा में काम कर रहे हैं। पांच साल में हम आलू, प्याज और टमाटर किसानों के लिए विशेष कलस्टर बनाएंगे। मोदी की एक और गारंटी, खेती में ड्रोन क्रांति की है और इसकी जिम्मेदारी माताओं व बहनों की है कि मैं गांव की महिलाओं को ड्रोन पायलट, लाखों रुपये का ड्रोन दे रहा हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमारे बहुत पुराने साथी, जिन्होंने संगठन में भी काम किया, सरकार में भी काम किया, ?हमारे रतन लाल कटारिया जी की बरसी है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। 4 जून में अब सिर्फ 17 दिन बचे है। चार चरणों के चुनाव में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सभी साथी चारों खाने चित्त हो चुके हैं। इंडी गठबंधन वालों ने देश के खिलाफ जो भी दांव-पेंच चले थे, उन्हें चुनाव के मैदान में जनता-जनार्दन ने खुद पटखनी दे दी है।

## मोदी राज में विदेशों में भारत का डंका बजाः भजनलाल

**भुवनेश्वर/जयपुर**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में देश ने जो तरक्की की है, उससे भारत का दुनियाभर में गौरव बढ़ा है। देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। ?दुनिया के देश आज भारत पर भरोसा कर रहे हैं। देश की यही प्रगति बरकरार रखने के लिए देशवासी मोदीजी को तीसरी बार सत्ता में लाना चाहते हैं। केंद्र में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। भजनलाल भुवनेश्वर और पुरी में प्रवासी राजस्थानियों के सम्मेलन में बोल रहे थे। सीएम ने कहा- कई राज्यों के दौरे के बाद यह अनुभव हुआ कि प्रवासी राजस्थानी और मारवाड़ी कहीं भी रहे वहां अपना वजूद रखते हैं। उनमें देशभक्ति की भावना होती है। प्रवासी राजस्थानियों ने उड़ीसा में रहकर यहां के लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। प्रवासी राजस्थानी यहां के लोगों के सुख-दुख में काम आते हैं, इसलिए यहां के लोग उनका सम्मान करते हैं। प्रवासी राजस्थानी जो बात कहेंगे उसका असर भी होगा। सभी प्रवासी कार्यकर्ता विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें। उड़ीसा को भी देश के ग्रोथ इंजन में अहम भूमिका निभाने के लिए बीजेपी के पक्ष में लोकसभा-विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग के लिए प्रेरित करें। सीएम ने कहा- भाजपा कार्यकर्ता जब पार्टी के लिए निष्ठावान होकर काम करता है। सका अनुभव भी बढ़ता है और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत बनती है। इसलिए हमारा कार्यकर्ता समन्वय से काम करके पार्टी को बेहतर परिणाम दे सकता है। जितनी कड़ी मेहनत करोगे, उतनी ही पहचान बढ़ेगी। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने संवाद बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदीजी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने और कमल खिलाने के लिए राजस्थान के पार्टी कार्यकर्ता विभिन्न राज्यों में प्रवास कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का पार्टी के काम के लिए अपने समय का पूर्ण उपयोग करना बेहद महत्वपूर्ण है।

## अनंतनाग और शोपियां में आतंकी हमला, पूर्व सरपंच को उतारा मौत के घाट

**राजस्थान की राजनीति/श्रीनगर।**



आतंकियों ने कश्मीर में जारी लोकतंत्र के सबसे बड़े महोत्सव लोकसभा चुनाव में खलल डालते हुए शनिवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां और अनंतनाग में दो हमले किए। शोपियां में उन्होंने एक पूर्व सरपंच को मौत के घाट उतारा जबकि अनंतनाग में यन्नर,पहलगाम के निकट उन्होंने जयपुर से आए एक दपंत्ति को निशाना बनाया। घायल दंपत्ति को उपचार के लिए जीएमसी अस्पताल अनंतनाग में भर्ती कराया गया है। इन हमलों में लिप्त आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया है। इन हमलों ने वादी में चुनाव के मददेनजर किए गए सुरक्षा प्रबंधों की भी पोल खोल दी है। अनंतनाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिएपहले मतदान 25 मई को होना है। इसके अलावा यन्नर पहलगाम में जहां पर्यटकों पर हमला हुआ है, वहां श्री अमरनाथ की तीर्थयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। हालांकि पुलिस नेहमले में लिप्त आतंकियों और उनके संगठन की पुष्टि नहीं की है,लेकिन यह दोनों हमले लश्कर ए तैयबा के हिट स्क्वाड टीआरएफ द्वारा अंजाम दिए जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने यन्नर पहलगाम और हीरपोरा शोपियां में हुए आतंकी हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर में जहां अभी मतदान होना है, यह हमले चिंता का विष्ज्ञय है। यहां मिली जानकारी के अनुसार, आतंकियों ने रात साढ़े नौ बजे के करीब यन्नर पहलगाम में दरिया किनारे स्थित कैंपिंग साइट पर हमला किया। उन्होंने वहां अपने तंबु के बाहर बैठे एक दंपत्ति को निशाना बनाया। गोलियों की आवाज से वहां हड़कंप मच गया। वहां मौजूद अन्य पर्यटक अपनी जान बचाने के लिए अपने अपने तंबुओं में घुस गए। इसी दौरान आतंकी भी वहां से भाग गए। गोलियों की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने वहां मौजूद अन्य लोगों की मदद से घाायल दपंत्ति को उपचार के लिए जीएमसी अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान फराह और उसके पति तबरेज के रूप में हुई है। यह जोड़ा जयपुर राजस्थान से आया था।

## 47 डिग्री पार कर गई गर्मी, भट्टी की जैसे तपने लगा प्रदेश, दिनभर लू से परेशान लोग

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम भारत में भीषण गर्मी का कहर बना हुआ है। देश की राजधानी दिल्ली में झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। इसके साथ ही राजस्थान भट्ठी की जैसे तपने लगा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली का नजफगढ़ इलाका सबसे गर्म दर्ज किया गया। यहां का तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही दिल्ली के 8 स्टेशनों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्जकिया गया है। इसको लेकर दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। उधर, राजस्थान में भी सूर्य देव आग उगल रहे हैं। प्रदेश में हीटवेव और तपन से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। तपते सूरज के बीच पारा भी रफ्तार पकड़ने लगा है। श्रीगंगानगर में 46 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 45 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 45 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 45 डिग्री सेल्सियस, बाड़मेर में 45 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 44.4 डिग्री सेल्सियस, कोटा में 44.6 डिग्री सेल्सियस और राजधानी जयपुर में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। उधर, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक सप्ताह गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अभी प्रदेश में तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हो रहा है। आने वाले दिनों में पारा सामान्य से 3 डिग्री तक ऊपर जा सकता है। मई के आखिर तक गर्मी तेज रहने की संभावना है। हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी मौसम विभाग ने शनिवार को 14 से ज्यादा जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आगामी दिनों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। शनिवार को चूरू, जैसलमेर, जोधपुर में हीटवेव और तेज गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जबकि अलवर, बारां, भरतपुर, दौसा, जयपुर, करौली, झुंझुनूं, दौसा, सवाई माधोपुर, सीकर, बाड़मेर, हनुमानगढ़, नागौर, गंगानगर और बीकानेर में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## देश परचून की दुकान नहीं, 56 इंच का सीना चाहिएः अमित शाह

**बांदा।** महर्षि बामदेव की नगरी बांदा में शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह ने इंडी गठबंधन पर खूब तंज कसे, कहा कि देश परचून की दुकान नहीं है। उसे चलाने के लिए 56 इंच के सीने वाला चाहिए जो नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि ये चुनाव एक गरीब परिवार के चाय बेचने वाले नरेन्द्र मोदी और मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा होने वाले राहुल गांधी के बीच है। एक तरफ परिवारवादियों का संगठन है तो दूसरी तरफ नरेन्द्र मोदी हैं। भीड़ से सवाल किया कि जो रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में न गया हो बांदा-चित्रकूट वाले उनका साथ दे सकते हैं क्या? जवाब न में आने पर फिर कहा कि ये लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। राजकीय इंटर कालेज के मैदान में बांदा-चित्रकूट सीट से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में आयोजित सभा के दौरान 43 डिग्री तापमान में भी समर्थकों का उत्साह कम नहीं था। अमित शाह ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाकर कहा सबसे पहले बताएं अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। भीड़ के हामी भरने पर बोले, यह चुनाव राम मंदिर का विरोध करने वालों और बनाने वालों के बीच है। कांग्रेस ने 70 वर्ष तक राम मंदिर निर्माण लटकाए रखा। सपा को भी निशाने पर लेते हुए लोगों से पूछा कि क्या वह कारसेवकों पर गोली चलाने वालों को चुनेंगे तो न में जवाब मिलने पर उत्साहित होकर इंडी गठबंधन पर पर प्रहार कर कहा कि अगर ये जीत भी गए तो बताओ इनका प्रधानमंत्री कौन बनेगा? शरद पवार बन सकते हैं क्या? ममता बहन बन सकती हैं क्या? लालू बन सकते हैं क्या? साथ ही कहा कि जब पत्रकारों ने उनके नेताओं से यही सवाल पूछा तो उनका जवाब था कि हम बारी-बारी से बन जाएंगे।

# रिलायंस जियो का धमाकाः प्रीपेड यूजर्स के लिए नया 3333 प्लान, एक साल की वैधता और फ्री फैनकोड सब्सक्रिप्शन

## फैनकोड फॉर्मूला 1 सहित भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल टूर्नामेंटों की लाइव स्ट्रीमिंग करता है




राजस्थान की राजनीति

**मुंबई।** रिलायंस जियो ने अपने प्रीपेड ग्राहकों के लिए नया 3333 रुपये का वार्षिक प्लान लॉन्च किया है, जिसमें एक साल की वैधता के साथ कई शानदार सुविधाएं शामिल हैं। इस प्लान के तहत यूजर्स को प्रतिदिन 2.5 जीबी हाई-स्पीड डेटा, किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड फ्री कॉलिंग और प्रतिदिन 100 एसएमएस मिलेंगे। ग्राहकों को एक साल के लिए फैनकोड का फ्री सब्सक्रिप्शन भी दिया जाएगा। यह प्लान चुनिंदा जियो एयर फाइबर, जियो फाइबर और जियो मोबिलिटी प्रीपेड ग्राहकों के लिए पेश किया है।
इसके साथ ही, जियो मोबिलिटी प्रीपेड यूजर्स को 398, 1198, ?4498 प्लान्स और नए 3333 वार्षिक प्लान पर फैनकोड ऐप का फ्री सब्सक्रिप्शन मिलेगा। फैनकोड एक प्रीमियम ओटीटी ऐप है, जो फॉर्मूला 1 एडवेंचर गेम्स के लिए लोकप्रिय है और 2024 व 2025 में भारत में एफ 1 प्रसारण के अधिकार रखता है। जियो एयर फाइबर और जियो फाइबर ग्राहकों को भी 1199 रुपये या उससे अधिक के प्लान्स पर फैनकोड का फ्री सब्सक्रिप्शन मिलेगा। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड जैसे ऐप्स की भी सुविधा मिलेगी।

# मुख्यमंत्री के गृह ग्राम पंचायत गांव अलीपुर में प्रदर्शन



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** उप तहसील मुख्यालय लखनपुर के गांव अलीपुर मे पोखर मे से गंदे पानी निकासी हेतु नाला एवं सुरक्षा दीवार को बनवाये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया की कई बार स्थानीय, नदबई, जिला प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ केवल कोरे अश्वासन मिले। पूरी पोखर गंदगी से अटी पडी है निकलने का रास्ता भी अवरुद्ध है दुर्गंधयुक्त जीवन जीने को ग्रामीण मजबूर हैं। मच्छर जनित बीमारियों ने डेरा डाल रखा है जन सहयोग से थोडा बहुत गंदा पानी स्वयं के स्तर से निकाला गया है। पास मे ही मंदिर मे पूजा करने आने वाले भक्तगणों को भी गंदे पानी मे होकर निकलना पडता है। शीध्र समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर थानसिंह,महेंद्र सिंह,देशराज, नंदराम,तेजसिंह,विमल,बलवीर,रनवीर, लोकेंद्र,हरेन्द्र आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उप तहसील मुख्यालय लखनपुर मे बांधे परिंडे



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** उप तहसील मुख्यालय लखनपुर मे राष्ट्रीय परशुराम सेना अध्यक्ष एवं श्री बांकेबिहारी प्रसाद वितरण समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर कटारा के नेतृत्व मे उप तहसील परिसर लखनपुर, 33/11 विधुत सबस्टेशन, राजीव गांधी सेवा केंद्र,नागा साधु भजनानंद सर्किल, पंकज खाद बीज भंडार के पास भीषण गर्मी में पछियों के लिए पानी के परिंडे बांधे इस अवसर पर राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष नेत्रकमल मुद्गल,जिला अध्यक्ष राजीव तिवारी, नदबई तहसील अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर कटारा,समाज सेवी एडवोकेट महेश लखनपुर, रुपेंद्र कुमार टोहिला,भोला,सूरज बधेल,गुरदीप पटवारी मनोज अंबेश,पटवारी भूपेन्द्र आदि उपस्थित रहे एवं समाज सेवी एडवोकेट महेश लखनपुर को परिंडों मे जल भरने की जिम्मेदारी सौंपी।

# स्काउट भवन बूंदी में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरुस्कृत शिक्षकों की बैठक आज

राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** बूंदी जिले के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरुस्कृत शिक्षकों की बैठक रविवार सुबह 10 बजे बहादुर सिंह सर्किल के निकट स्काउट भवन में आयोजित की जाएगी । पुरुस्कृत फोरम के जिला अध्यक्ष डा राजेंद्र कुमार निर्मल ने बताया कि सुबह 10 बजे आयोजित बैठक में जिले के सभी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक भाग लेंगे । जहां पर संबंधित विषय पर चर्चा होगी।

## पानी के लिए मची त्राही-त्राही

# विभाग व उपखंड प्रशासन को अवगत कराये जाने के बावजूद भी समाधान नहीं

### महिलाओं ने कहा पानी के बीना नहाना और खाना भी हो रहा है मुश्किल

### समस्या को लेकर सरपंच के पास गई महिलाओं ने महिला सरपंच पर लगाया गाली- गलोच का आरोप



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** पानी की समस्या से निजात के लिए सरकार द्वारा चालाई जा रही विभिन्न योजनाएं खोखली साबित होती नजर आ रही है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रो में पानी को लेकर त्राही-त्राही मची हुई है। जनता जल योजना सहित अन्य योजना इस समय बेईमानी साबित हो रही है। इसका जीता जागता साबूत कोटकासिम ग्रामीण क्षेत्रो में देखा जा रहा है। शनिवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलाहेडी के गांव नरवास मे मेघवाल बस्ती की दलित महिलाओं ने पीने के पानी की समस्या को लेकर खाली बर्तनो के साथ सडक पर विरोध प्रदर्शन किया तथा प्रशासन मूर्दाबाद के नारे लगाये। प्रदर्शन कर रही परेशान ग्रामीण महिलाओ ने बताया कि पिछले करीब 1 माह से नरवास गांव की मेघवाल बस्ती मे पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है। नलो मे पीने के पानी की सप्लाई नही आने से प्रचंड गर्मी के ऐसे मौसम मे काफि परेशानीयो का सामना करना पड रहा है। इस विषय मे महिलाओ ने बताया कि जलदाय विभाग के अधिकारियो सहित उपखंड अधिकारी को भी अवगत करा दिया गया। लेकिन अधिकारी समस्या की तरफ ध्यान नही दे रहे है जिसका खामियाजा दलित महिलाओ को प्रचंड गर्मी के मौसम मे पीने के पानी के लिए दर-दर की ठोकरे खाकर भुगतना पड रहा है।

### आश्वासन के बाद भी समाधान नहीं

प्रदर्शन कर रही ग्रामीण महिलाओ ने बताया कि इस विषय मे जलदाय विभाग के अधिकारियो एवं उपखंड अधिकारी के यहां भी गुहार लगा दी गइ है। उसके बावजूद भी प्रशासन समस्या की तरफ कोई ध्यान नही दे रहा है। ग्रामीणो का कहना था कि इस विषय मे कोटकासिम उपखंड अधिकारी को भी अवगत करा दिया गया है। और उपखंड अधिकारी ने समस्या का सामधान करने का ग्रामीणो को आश्वासन भी दिया था लेकिन समाधान अभी तक नही हुआ जिसके चलते गर्मी के ऐसे मौसम मे पीने के पानी के लिए महिलाओ को दिनभर दूर दराज से पानी के लिए मश्क्कत करनी पड रही है। इतना ही नही ग्रामीण क्षेत्रो मे सबसे ज्यादा मुश्किल ऐसे मे पशुपालको की हो रही है। परिवार की प्यास बुझाये या पालतु पशुओ की प्यास बुझाये। जिसके चलते महिलाऐं गर्मी के ऐसे मौसम मे भी सिर पर पानी का बर्तन लेकर दूर-दराज से अपना व परिवार की प्यास बुझा रही है।

### ग्राम पंचायत सरपंच पर लगाया गाली-गलोच का आरोप

नरवास गांव की मेघवाल बस्ती की महिलाओ ने अपना दर्द बया करते हुए बताया कि हम सभी ग्रामीण महिलाऐं एकत्रित होकर ग्राम पंचायत बिलाहेडी की महिला सरपंच से अपनी समस्या के लिए गये थे लेकिन सरपंच द्वारा हमारे साथ समस्या सूनने के बजाय गाली-गलोच व अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जिससे ग्रामीण महिलाओ मे भारी रोष है। जिसके चलते महिलाओ ने समस्या को लेक र उपखंड अधिकारी व जलदाय विभाग के अधिकारियो को अवगत कराया। लेकिन यहां भी ढाक के ढाई पान वाली कविता चरितार्थ हो रही है। जिसके चलते दलित ग्रामीण महिलाओ मे भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शन कर रही महिलाओ ने जिला प्रशासन से पीने के पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर रोशनी देवी, पुनम, बाला, संतोष, गीता, मुन्नी, सरोज, सुमित्रा, शोभा देवी, सुशीला, प्रियंका, पिंकी, करिश्मा, मंजू, बत्तो, मंजीत, शीला, सुनीता, मुकेश, राधा सहित काफि संख्या मे ग्रामीण महिलाओ ने विरोध प्रदर्शन कर समस्या ने निजात दिलाने की जिला प्रशासन से मांग की।

### मेरी जानकारी मे नही है नरवास मेघवाल बस्ती मे पीने के पानी की समस्या

नरवास गांव मे पानी की समस्या व दलित महिलाओ द्वारा किया गया प्रदर्शन मेरे संज्ञान मे नही है। इस विषय मे जलदाय विभाग के अधिकारीयो को अवगत कराकर शीघ्र ही पीने के पानी की समस्या का समाधान कराया जायेगा।

**-कोटकासिम उपखंड अधिकारी सुभाष यादव**

## फाईलो मे चल रही है जौडिया ग्राम सहकारी समिति

# ग्रामीण एवं काश्तकारों को नही मिल रहा लाभ, ग्रामीणो में भारी रोष

राजस्थान की राजनीति



**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** कोटकासिम उपखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत जौडिया मे फाईलो मे ही चल रही है ग्राम सहकारी समिति। जिसके चलते सहकारी समिति का ग्रामीणो को कोई लाभ नही मिल रहा है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार जौडिया गांव मे ग्राम सहकारी समिति का गठन 1 वर्ष से भी अधिक समय पहले हो चुका है। लेकिन आज तक ग्राम सहकारी समिति का कार्यालय भी नही है। समिति के व्यवस्थापक महोदय द्वारा कतोपुर से ही थैले मे ग्राम सहकारी समिति को चलाया जा रहा है। काश्तकारो का आरोप है कि समिति व्यवस्थापक ना तो ग्राम जौडिया मे कभी आते है और नाही समिति द्वारा जौडिया मे कृषको को खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। गौरतलब रहे कि किसानो की सहायता के लिए राज्य सरकार द्वारा सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयो पर सहकारी समितियो का किया गया था। लेकिन गठन से 1 वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने पर भी जौडिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आज तक ना तो ग्राम सहकारी समिति का कार्यालय खोला गया है और ना ही किसान काश्तकारो को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर खाद बीज उपलब्ध मिल रहा है। आपके बता दे कि ग्राम पंचायत जौडिया मे 1 मई 2023 को ग्राम सहकारी समिति का गठन किया गया था। लेकिन ताज्जुब का विषय है कि 1 वर्ष बीत जाने पर भी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम सहकारी समिति का अभी तक कार्यालय भी नही खोला गया। जिससे जौडिया की ग्रम सहाकारी समिति अधिकारी व कर्मचारियो के थैले मे कैद होकर चलाई जा रही है। जिसका खामियाजा ग्रामीण एवं काश्तकारो को भुगतना पड रहा है। वही ग्राम सहकारी समिति के अध्यक्ष चिरंजीलाल यादव ने ग्राम सहकारी समिति व्यवस्थापक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि व्यवस्थापक महोदय कतोपुर ग्राम सहकारी समिति मे बैठकर ही जौडिया की ग्राम सहकारी समिति चला रहे है। उन्होने बताया कि जौडिया ग्रम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम सहकारी समिति का कोई लाभ नही मिल रहा है। जिससे किसानो और काश्तकारो मे भारी रोष है। स्थानीय काश्तकारो को खाद-बीज के लिए कोटकासिम, किशनगढ, तिजारा के चक्कर लगाने पड रहे है। ग्रामीणो एवं काश्तकारो मे ग्राम पंचायत जौडिया मुख्यालय पर ग्राम सहकारी समिति का संचालन करने की मांग की।

# बड़गांव में चोरों के बढ़ते होसलो को रोकने के लिए ग्रामीणों ने बनाई अलग अलग टीमें, रात्रि में करेंगी गश्त

राजस्थान की राजनीति



**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** चोरों के बढ़ते होसलो से चिंतित ग्रामीणों ने शुक्रवार रात बैठक आयोजित करके रात्रि गस्त शुरू की। दबलाना थाना क्षेत्र के बडगांव में बीते दिनों रात्रि के समय अज्ञात चोर मोतीलाल सैनी एवं शौजीलाल सैनी के घरों के ताले तोड़ करके चोरी करने की फिराक में थे। एक घर का ताला तथा दूसरे घर के पिछवाड़े की सीमेंट की जाली तोड़ने की आहट से घरों में सो रहे ग्रामीणों की नींद खुल गई। ग्रामीणों के जग जाने से जैसे ही आहट आने के स्थान पर जाने लगे तो उनको देख करके अज्ञात चोर भाग छूटे। समाजसेवी सुनील पारीक ने बताया कि चोरी की चिंता से चिंतित ग्रामीणों ने बैठक आयोजित करके चोरियों की रोकथाम के लिए बैठक में रात्रि में 10 से 5:00 बजे तक गस्त से लगाने का निर्णय लिया तथा गस्त लगाने के लिए एक परिवार से एक जने का नाम निर्धारित कर चार जनों की टीम बनाई गई। चोरी से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए बैठक के निर्णय के अनुसार बीती रात चंद्र प्रकाश महावर, प्रेमचंद महावर विष्णु राव, कैलाश केवट ने पूरे गांव में घूम करके रात्रि गस्त लगाई।

# लोधा का झोपड़ा में नवीन विद्यालय भवन की जगी आस, विद्यार्थियों छाई खुशी, मेहनत लाने लगी रंग

## अपर्याप्त जगह होने पर भी विद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों की पढ़ाई में नहीं आने दी कोई कमी




राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना पंचायत क्षेत्र के राजस्व गांव ग्राम लोधा का झोपड़ा विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए नवीन स्थल एवं भवन निर्माण कि आस जगने लगी है। वर्तमान में विद्यालय भवन लगभग 2000 वर्ग फीट के क्षेत्र में बना हुआ है। जिसमें प्रधानाध्यापक कक्ष सहित तीन कमरे, शौचालय, किचन आदि बने हुए हैं। विद्यालय में 130 से 150 के लगभग छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। इतने छोटे से भवन में आखिर कैसे 8 कक्षाएं चलती हैं। तीन कमरों वाले विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई होना असंभव प्रतीत होती थी लेकिन स्थानीय विद्यालय के स्टाफ ने विद्यार्थियों का भविष्य बनाने के लिए जी जान लगा रखी है। ताकि विद्यालय भवन में अपर्याप्त जगह इनका भविष्य बनने में रोड़ा नहीं बनें। ओर यह पढ लिखकर अपने माता-पिता, गांव एवं देश का नाम रोशन कर सके। विद्यालय भवन में अपर्याप्त जगह को लेकर पूर्व में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन को लिखित में अवगत करवाया गया था। जिस पर कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा बूंदी से जांच करने के लिए टीम विद्यालय भवन पहुंची।जांच के दौरान टीम ने उक्त समस्या को सही पाया। जिसको लेकर जांच कर्ता टीम ने नवीन स्थल एवं भवन के लिए 61 लाख 85 हजार रुपयों का प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा था। संबंधित विभाग द्वारा उक्त राशि में होने वाले निर्माण कार्यों की सूचना चाही गई। सूचना में विद्यालय में पार्ट ए कक्षा कक्षों का निर्माण, कीचन सेड, सेनेटरी कार्य , पेयजल टंकी, बोरिंग ट्यूब बेल पाइप फिटिंग नल आरओ , विद्यालय में न्यू तकनीकी खिड़की ,जाली, जंगले रोशनी आदि व्यवस्था में अलग-अलग खर्च होने वाली राशि की जानकारी दी गई। नवीन भवन के लिए आगे बढ़ती इस प्रक्रिया को लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ी।

# बालिका एवं महिला अभिरुचि शिविर का आयोजन

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** भारत विकास परिषद शाखा दौसा द्वारा सामाजिक सरोकारों एवं प्रकल्प से संबंधित दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम कार्यक्रम मे परिवार एवं बाल संस्कार प्रकल्प अंतर्गत आज आदर्श विद्या मंदिर शिवाजी मोहल्ला पुराना शहर दौसा में बालिका एवं महिला अभिरुचि शिविर का प्रारंभ किया गया इसके अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को मेहंदी एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संजय पीलवा, जिला समन्वयक राजेश जटवाड़ा, कोषाध्यक्ष श्याम भेडोली ,आईटी सेल प्रभारी गिर्राज गुप्ता पापड़दा ,महिला परिवार एवं बाल संस्कार प्रकल्प प्रभारी अनीता मोदी, पिंकी सकट,एवं अर्चना पीलवा ,जागृति रेला, सुनीता जटवाड़ा, कृष्णा खंडेलवाल परिषद सदस्य के रूप में उपस्थित रही ।
इसके अतिरिक्त आदर्श विद्या मंदिर के अध्यक्ष श्री राकेश जाकड़, व्यवस्थापक बिरदी चंद महावर ,प्रधानाचार्य मीना गुप्ता, कविता रेला, अंजू रेला एवं प्रवीण सैनी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यक्ष संजय पिलवा ने परिषद के बारे में एवम परिषद द्वारा चलाए जाने वाले प्रकल्पों के बारे में जानकारी दी। जिला समन्वयक राजेश जटवाड़ा ने सभी बालिकाओं को अधिक से अधिक इस शिविर में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर राकेश जाकड़ ने कहा की बालिकाओं को अच्छी तरह से रुचि लेते हुए इन्हें सीखना चाहिए तथा आगे जाकर इसमें वह अपना करियर भी बन सकती है। बिरदी चंद महावर ने परिषद का धन्यवाद किया और कहा की उन्होंने इस विद्यालय में यह अभिरुचि शिविर लगाकर निश्चित तौर पर बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है ।इस अवसर पर कविता रेला ने कार्यक्रम संचालित किया एवम सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम प्रभारी पिंकी सकट एवं अनीता मोदी ने बताया कि वर्तमान में मेहंदी वर्ग में लगभग 80 बालिकाएं एवं नृत्य में 25 बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस सिविल का समापन 30 मई को होगा जिसमे प्रत्येक वर्ग में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रशिक्षनार्थियों को पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा तथा सभी संभागीयों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।इसी प्रकार एक अन्य कार्यक्रम अंतर्गत भारत विकास परिषद शाखा दोसा एवं जिला अंधता निवारण समिति दौसा, स्वर्गीय श्रीमती नानगी देवी सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन राय नर्सिंग होम दौसा पर आयोजित किया गया।चिकित्सा प्रकल्प प्रभारी अजय खंडेलवाल एवं शिवचरण सोखियां ने बताया कि इस शिविर में आंखों के समस्त रोगों जैसे मोतियाबिंद आदि का सफल ऑपरेशन कर एवं लैंस प्रत्यारोपण जयपुर के सुप्रसिद्ध एवं अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ की टीम द्वारा निशुल्क किए गए।इस शिविर में 52 मरीजों की जांच की गई तथा 15 को ऑपरेशन योग्य पाए जाने पर उनका ऑपरेशन किया गया।इस अवसर पर राय नर्सिंग होम के निदेशक डॉ विमल राय, श्रीमती नानगी देवी सेवा समिति के सत्यनारायण शर्मा ,ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमित राय, भारत विकास परिषद अध्यक्ष संजय पीलवा, सचिव विनोद शर्मा ,प्रभारी अजय खंडेलवाल, शिवचरण सोंखिया, गिर्राज गुप्ता पापड़दा,राकेश जाकड़ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।सचिव विनोद शर्मा द्वारा सभी डॉक्टर्स एवम मेडिकल टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। इन मरीजों को दवा एवं ऑपरेशन, रहने खाने एवं चश्मा आदि की मुफ्त व्यवस्था की जाएगी।

# रात के समय गश्त के दौरान नांगल राजावतान थाने की गाड़ी पलटी

## हादसे में एएसआई सहित तीन पुलिसकर्मी को आई चोट



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा जिले के नांगल राजावतान थाना अंतर्गत छारेड़ा रोड पर गस्त कर रही पुलिस की गाड़ी को दूसरे वाहन के द्वारा कट लगने पर पुलिस की गाड़ी पलट गई। इसमें सवार एक एएसआई सहित तीन पुलिस कर्मियों को चोट आई और कार भी श्रतिग्रस्त हो गई है । जिन्हें दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिन्हे प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी कर दी। हालांकि इस हादसे में पुलिस कर्मी बाल बाल बच गये लेकिन बड़ा हादसा हो सकता था।जिले में लगातार अवैध ओवरलोडिंग और तेज गति से वाहन सरपट दौड़ रहे हैं और इसी के छारेड़ा रोड पर नांगल थाना पुलिस की कार गस्त करने के दौरान दूसरे वाहन ने कट लगा दिया। जिसमें तीन पुलिसकर्मी को चोट आई है हालांकि अभी कट लगाने वाले गाड़ी का पता नहीं चल पाया है और पुलिस गाड़ी की सरगर्मी से तलाश में जुट गई है।

# भीषण गर्मी के बीच गौशालाओं को लेकर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, राज्य सरकार को दिए ये आदेश




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** गर्मी के मौसम में इंसान खुद के बचने के लाख उपाय कर लेता है. लेकिन बेजुबानों को इस भीषण गर्मी से बचाने के लिए कुछ जगह पानी भी नसीब नहीं होता. इसको लेकर एक याचिकाकर्ता राजस्थान हाईकोर्ट पहुंच गया. हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते अहम आदेश पारित कर प्रदेश की सभी पंजीकृत गौशालाओं के लिए 2 दिन में 1 बार पानी टैंकर भरने और पर्याप्त चारे की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए है. जस्टिस डॉ पुष्पेन्द्रसिंह भाटी और जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण की खंडपीठ में गोग्राम सेवा संघ राजस्थान की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता की ओर से मोतीसिंह राजपुरोहित ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है. जबकि आम आदमी को पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है. ऐसे में गौशालाओं की स्थिती का अंदाजा लगाना सहज हो जाता है कि वहां क्या हालात होंगे.

### पहले भी दिए जा चुके हैं आदेश

गर्मी के मौसम के साथ गौशालाओं में ना तो पीने का पानी है और ना ही पर्याप्त चारे की व्यवस्था है. जबकि इससे पहले भी हाईकोर्ट ने बार-बार आदेश पारित किए है कि बेजुबान पशुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए. कोर्ट ने इससे पहले 27 मई 2022 को भी आदेश पारित किया था. उसके बाद भी समय-समय पर आदेश पारित किए गए है.

### हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दिए निर्देश

अधिवक्ता राजपुरोहित ने कहा कि प्रदेश में करीब 4 हजार गौशालाए है, जिनमें मूक पशु जो कि लाखों की संख्या में है. कोर्ट ने पूर्व के आदेश की पालना करने के निर्देश के साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिए है कि वे सूखा ग्रस्त जिलों के जिला कलेक्टर को निर्देश दें कि प्रत्येक गौशाला में दो दिन में एक टैंकर पानी की व्यवस्था की जाए. साथ ही मूक पशुओं के लिए पर्याप्त चारे और भोजन की भी व्यवस्था की जाए. ताकि बढ़ती गर्मी में मूक पशुओं को भूख प्यास से बचाया जा सके।

## महुवा में नवीन न्यायालय भवन का लोकार्पण

# हाईकोर्ट जस्टिस ने कहा- फरियादियों को सुलभ व त्वरित न्याय के लिए सभी को काम करना चाहिए

राजस्थान की राजनीति



**दौसा।** दौसा जिले के महुवा में शनिवार को न्यायालय भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हाईकोर्ट जस्टिस सुदेश बंसल और उमाशंकर व्यास शामिल हुए। इस दौरान हाईकोर्ट जस्टिस ने कहा न्यायालय को मंदिर मानते हुए फरियादियों को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय मिले। इसको लेकर सभी को काम करना चाहिए। उन्होंने कहा न्याय भवन एक आवश्यकता है। लेकिन जो सुविधा और संसाधन उपलब्ध हैं। उसके तहत काम करें। कार्यक्रम के दौरान हाईकोर्ट जस्टिस को महवा के अधिवक्ताओं ने एक मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें उन्होंने न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चैंबर निर्माण, कोर्ट आने वाले पक्षकारों को पीने के लिए शुद्ध पानी के लिए बोरिंग की मांग की। अधिवक्ताओं ने सुलभ शौचालय बनाने सहित कई मांग रखी। इस पर हाईकोर्ट जस्टिस ने अधिवक्ताओं को भरोसा देते हुए कहा उनकी मांगों का शीघ्र समाधान करवाने का प्रयास होगा। इस दौरान दौसा जिला एवं सेशन न्यायाधीश सहित अन्य न्यायिक अधिकारी व बड़ी तादाद में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दौसा में चिलचिलाती धूप में पीने के पानी लिए जुगत

# महिलाओ की चिंता कहीं पीहर जाने के बाद कहीं पानी न आ जाये, इसलिए पीहर नहीं जाती

राजस्थान की राजनीति



**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा शहर चिड़िया को बासों अन्न घणो पानी को प्यासो यह कहावत दौसा के लिए काफी समय से बनी और चली आ रही है। एक जमाना था लोग अपने बेटियों की शादी दौसा में नहीं करते थे। क्योंकि पीने की पानी की समस्या के चलते यहां के युवाओं की शादी बड़ी उम्र में होती थी। लेकिन समय जैसे जैसे बीतता गया और दौसा में पानी के लिए कई योजनाएं बनती गई बिगड़ती गई। लेकिन हालात पानी के जस के तस रहे। इतना ही नहीं पानी के लिए खूब राजनीति भी हुई तो पानी के नाम पर कई सत्ता आई और गई।लेकिन पीने के पानी की समस्या आज भी वैसे की वैसी ही विकराल रूप धारण की हुई है।जो जो गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं वैसे ही पानी की समस्या दौसा शहर में बढ़ती जा रही है। दौसा में 8 से 10 दिनों में नलों से पानी आ रहा है और सरकारी टैंकर भी कई वार्ड में तो यदा कदा ही पहुंचते हैं। पानी की जुगत लगाने के लिए अल सुबह से ही विशेष तौर से महिलाएं जुट जाती है। रात भर नल के आने का इंतजार करती है तो कभी चिल्लाती धूप में पानी के टैंकरों से पानी जुटाने के लिए पसीना बहाना पड़ता है। जहां अधिकारी और जिम्मेदार सहित पैसे वाले.ष्ट व कूलर में सोते रहते हैं तो वहीं मध्यम व नीचे तपके के लोग पानी के लिए चिल्लाती धूप में पानी के लिए मेहनत करते हुए नजर आते है। महिलाओं का कहना है कि कभी-कभी तो रात भर पानी के लिए नालों के आने का इंतजार किया जाता है। शादी विवाह में जाते हैं तो भी जिस दिन पानी का आने का दिन होता है उसे दिन वह उनको भी दरकिनार करना पड़ता है। रेगर मोहल्ला निवासी ज्योति का कहना है कि उसका पीहर जयपुर जिले के नायला में है जहां पर पानी की कोई कमी नहीं है वहां पानी के ड्रम टंकी हमेशा भरे रहते थे। जब से शादी होकर यहां आई है तब से ही पानी के अलावा कुछ नहीं देखा। यहां तक कि वह पीहर भी जाने में बचती है। क्योंकि कहीं पीहर जाने के बाद कहीं पानी न आ जाए। ऐसे में एक दिन भी चूक होने के बाद फिर 8 से 10 दिन की तक पानी नहीं मिलता है। यह तो जब हालात है जब दौसा जिला मुख्यालय पर पानी के लिए सरकार और प्रशासन बड़े-बड़े दावे करते हैं। ऐसा ही वृद्ध महिला का कहना है कि जब से वह शादी होकर आई है उन्हें पानी भरते भरते उनके सर के बाल भी कम हो गए और यहां तक की सर भी पलपला हो गया और दूर दूर से पानी भरने के चलते जल्द बुढ़ापा भी आ गया और पानी के लिए दिन-रात भटकते रहते हैं। ऐसे हालात जिला मुख्यालय के है जबकि गांव में हालत क्या होंगे इसे समझने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। तो वहीं छात्रों की हालत और भी ज्यादा खराब है उन्हें पानी के लिए अपनी पढ़ाई की भी कुर्बानी देनी पड़ती है। इतना ही नहीं कभी कबार तो पानी के भरने के चलते परीक्षाओं में भी लेट हो जाती है। जिनका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। छात्रों की पानी के च कर में पढ़ाई भी चौपट हो गई है। इस चिलचिलाती धूप में भी छोटे बच्चों को एक-एक बाल्टी लोट के लिए पानी की जुगत में जुटना पड़ता है। जलदाय विभाग पानी के सैकड़ो कीसंख्या में टेंकर तो देता है लेकिन इसमें भी ओटीपी के नाम पर बड़ा झमेला है। जहां पर पानी के टैंकरों के नाम पर भी जमकर भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा है और जमकर चांदी कुटी जा रही है। जबकि दौसा शहर में करीब 30 से 40000 की आबादी को ही नलों से पानी पिलाया जाता है। जिसमें भी आधे से अधिक अवैध कनेक्शन की भरमार है जिसके चलते जो पानी के पैसा देता है उन्हें पानी नसीब नहीं होता और जो विभाग की मिली भगत और अपने चहतो के पानी के अवैध नल कनेक्शन के जरिए बल्ले बल्ले हो रही है। ऐसे में इस पानी के भ्रष्टाचार से कब दौसा के लोगों को निजात मिलेगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन आखिर दौसावासियो के कंठ कब गले होंगे, कब इस पानी की जुगत की तलाश खत्म होगी यह आने वाला वक्त बताएगा।

# एक लाख का इनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गिरफ्तार, मुठभेड़ में चली करीब 100 राउंड

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** धौलपुर जिला पुलिस को शनिवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. बसई डांग क्षेत्र के नियाती के जंगलों में मुठभेड़ के दौरान जिले के नंबर वन खूंखार दुर्दान्त अपराधी 1 लाख के इनामी धर्मेंद्र उर्फ लुक्का को चार साथियों समेत गिरफ्तार किया है. जिसमे दो अपराधी नाबालिग होने पर पुलिस ने निरुद्ध किया है. डकैत गैंग से पांच हथियार समेत 60 जिंदा कारतूस भी बरामद किए. धर्मेंद्र उर्फ लुक्का की गिरफ्तारी की जानकारी धौलपुर एसपी सुमित मेहरडा ने दी।

उन्होंने बताया एडीजी क्राइम दिनेश एम एन के निर्देश में अपराधियों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने बताया जिले का कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का विगत लंबे समय से फरार चल रहा था. डकैत को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी. डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का की गिरफ्तारी को लेकर एडीजी क्राइम द्वारा हाल ही में एक लाख का इनाम घोषित किया हुआ था.

### आखिर कैसे पकड़ा गया 1 लाख का इनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का

डकैत गैंग को पकड़ने के लिए पुलिस की डीएसटी, क्यूआरटी टीम समेत साइबर सेल विशेष निगरानी रख रही थी. एसपी ने बताया शनिवार को धौलपुर पुलिस को जरिये मुखबिर गुप्त सूचना मिली कि डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गैंग के समय नियाती के जंगलों में देखा गया है.

मुखबिर की सूचना बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में डीएसटी,क्यूआरटी,बाड़ी, सदर बसई डांग,सोने का गुर्जा थाना पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के लिए भेजा गया. पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर डकैत गैंग को सरेंडर करने के लिए कहा गया था. लेकिन डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का एवं उसके सहयोगियों ने पुलिस को टारगेट कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. इधर से आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा भी डकैतों की गैंग पर फायरिंग की गई. पुलिस की तरफ से 50 एवं डकैतों की तरफ से करीब 40 राउंड फायरिंग की गई. फायरिंग के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का, डकैत रामबृज एवं रामू को दबोच लिया. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो नाबालिग को निरुद्ध किया है.

### पांच हथियार एवं 60 कारतूस बरामद

पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक गैंग से पुलिस ने पांच हथियार समेत 60 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. डकैतों के कब्जे से तीन राइफल एवं दो 315 बोर के कट्टा बरामद किए हैं. अनुसंधान में और हथियार भी बरामद हो सकते हैं.

### 37 मामले हैं दर्ज

1 लाख के इनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर धौलपुर समेत मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में टोटल 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं. डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का हत्या के प्रयास,लूट, रंगदारी, राज कार्य मे बाधा,उद्धापन, मारपीट जैसे अभियोग दर्ज हैं. डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर मध्य प्रदेश की मुरैना जिला पुलिस द्वारा भी 5000 का इनाम घोषित किया हुआ है.

### पुलिस ने बाजार में निकाला जुलूस

कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का डकैत रामब्रज एवं डकैत रामू का भारी पुलिस बल के साथ धौलपुर शहर में जुलूस निकाला गया है. जुलूस की शुरुआत कोतवाली पुलिस थाने से की गई. शहर के प्रमुख बाजारों में होते हुए जुलूस बापिस कोतवाली पुलिस थाने पर समाप्त किया गया. डकैत गैंग को देखने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ भी उमड पड़ी.

### अनुसंधान में खुलेंगे बड़े राज

पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गैंग से पुलिस पूछताछ कर रही है. डकैत गैंग धौलपुर समेत भरतपुर मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में भी संगीन वारदातों को अंजाम दे चुकी है. पुलिस द्वारा डकैत गैंग से पूछताछ की जा रही है. एसपी ने दावा किया है अनुसंधान में बड़ी-बड़ी वारदातों के राजफास होंगे।

# भीषण गर्मी में संत की अग्नि तपस्याः 41 दिन तक आग के 9 धूणों के बीच बैठकर करेंगे तपस्या, नाथ समाज का प्रमुख आस्था स्थल है हींगवा गद्दी

राजस्थान की राजनीति



**दौसा।** दौसा जिले के हींगवा गांव स्थित नाथ संप्रदाय की प्रमुख गद्दी के आसान मंदिर परिसर में 45 डिग्री तापमान के बीच संत विजयनाथ योगी ने 41 दिवसीय अग्नि तपस्या शुरू की है। संत अपने चारों तरफ अग्नि के नौ धूणों के बीच रोज सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर 3 तक बैठकर जन कल्याण की प्रार्थना करेंगे। संत द्वारा प्रचंड गर्मी व चिलचिलाती धूप के बीच प्रतिदिन करीब 4 घंटे की तपस्या लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है। मंदिर महंत लक्ष्मण नाथ महाराज ने बताया कि जनकल्याण एवं देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना को लेकर शिष्य विजयनाथ के द्वारा 9 धूणों के बीच अग्नि तपस्या शुरू की गई है। इसका समापन 41 दिन बाद 25 जून को होगा। संत के द्वारा भीषण गर्मी एवं तेज धूप के बीच शुरू की गई तपस्या को लेकर हींगवा सहित आसपास के गांव में उत्साह का माहौल है। आसान मंदिर में गर्मी के बावजूद संत द्वारा प्रतिवर्ष तपस्या की जाती है। जिनके दर्शन व पूजा पाठ के लिए लोगों का तांता लगा रहता है। बता दें कि हींगवा गांव स्थित आसन मंदिर राजस्थान में नाथ समाज का प्रमुख आस्था स्थल है। यहां विशेष अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# राम मंदिर को लेकर अशोक गहलोत का बड़ा दावा, कहा- भ्रम फैला रही बीजेपी, कांग्रेस की सरकार में भी बनता मंदिर

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** कांग्रेस न्योता मिलने के बाद भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुई. कांग्रेस द्वारा इस कार्यक्रम को बीजेपी का निजी इवेंट बताया गया. इसके बाद कांग्रेस पर बीजेपी इस मुद्दे को लेकर लगातार निशाना साधती आ रही है. वहीं इसपर कांग्रेस तर्क देती है कि राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बना है. शनिवार उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार करने पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राम मंदिर के सवाल पर पलटवार करते हुए कुछ बड़ी बातें कही हैं. साथ ही उन्होंने स्मृति ईरानी पर भी जमकर निशाना साधा है।

### 'सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बना मंदिर'

राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ है. इनको भ्रम है. अगर सरकार एनडीए की नहीं होती और यूपीए की होती, बीजेपी की नहीं होती कांग्रेस की होती, तो भी मंदिर बनता क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है. वे भ्रम फैला रहे हैं और उनके भ्रम में कोई आने वाला नहीं है. जनता समझ चुकी है कि चुनाव जीतने के लिए पीएम मोदी किसी भी हद तक जा सकते हैं.

### स्मृति ईरानी पर बरसे गहलोत

अमेठी दौरे के दौरान सीएम गहलोत ने केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद स्मृति ईरानी पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि %स्मृति ईरानी ने यहां (अमेठी) के लोगों को धोखा दिया है. वह पांच साल से यहां नहीं आई. लोगों को सब कुछ याद रहता है. अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ही चुनाव जीतेंगे. कांग्रेस इसबार भारी बहुमत से जीतेगी।%

# आमेर के जंगल में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने पाया काबू



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में आमेर के पास शनिवार दोपहर के समय जंगलों में आग लग गई. इसके बाद चारों तरफ हड़कंप मच गया. लगभग एक किलोमीटर का वन क्षेत्र आग की चपेट में आ गया. सूचना पर वन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. आग बुझाने में टीम लग गई. करीब पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया गया.

### पेड़-पौधों का काफी नुकसान

वन विभाग ने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब दो बजे के आसपास आमेर के जंगल में अचानक आग लग गई. हमारी टीम ने पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन हवा के साथ आग जंगल और पहाड़ियों की ओर पहुंच गई. इससे बड़ी संख्या में पेड़ पौधों को नुकसान हुआ.

### 1 कीमी के हिस्से में चपेट में लिया


वन विभाग और आमेर अग्निशमन कार्यालय की टीम के साथ ही दमकल की गाड़ियों की मदद से आग बुझाई गई. इसके लिए दमकल की चार गाड़ियों को चार राउंड लगाने पड़े. दरअसल, हवा की रफ्तार काफी तेज होने की वजह से आग ने लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया था.

वन विभाग के रेंजर अजीत कुमार मीणा ने बताया कि गड्?ढा खोद विधि का उपयोग कर आग पर काबू पाया गया. बोरी गीली करके भी आग बुझाने की कोशिश की गई. जंगल में आग कैसे लगी, अभी कारणों का पता नहीं चल सका है. टीम आग लगने का कारण पता लगाने में जुटी हुई है।

## कश्मीर में जयपुर के कपल पर आतंकियों ने की फायरिंग

# पहलगाम के रिसॉर्ट में हमला, 50 लोगों के साथ घूमने गए थे पति-पत्नी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जयपुर से घूमने गए पति-पत्नी पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया। आतंकवादियों ने यानेर इलाके के एक रिसॉर्ट में उनके ऊपर फायरिंग कर दी। दोनों घायलों को अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक आतंकवादियों ने जयपुर की फरहा खान (35) और उनके पति तबरेज खान (38) पर गोली चलाई है। तबरेज की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### 50 लोगों के ग्रुप के साथ गए थे घूमने

जयपुर में रहने वाले परिजनों के मुताबिक फरहा और तबरेज जयपुर के ब्रह्मपुरी इलाके के रहने वाले हैं। तीन-चार दिन पहले दोनों जयपुर से गए 50 लोगों के ग्रुप के साथ कश्मीर गए थे। परिवार वालों के मुताबिक तबरेज जयपुर में प्रॉपर्टी का काम करते हैं और फरहा हाउस वाइफ हैं। इस कश्मीर टूर में उनके साथ उनके दो छोटे बच्चे भी गए थे, वे किस हालत में हैं, फिलहाल ये पता नहीं लग पाया है। शनिवार को कश्मीर में दो हमले हुए हैं। अनंतनाग के अलावा शोपियां भी एक आतंकवादी हमला हुआ है। दोनों हमले एक घंटे के अंदर हुए।

**इस सप्ताह कई अहम राजनीतिक व कूटनीतिक घटनाएं हुई हैं। चौथे चरण के चुनाव में जहां मतदान प्रतिशत बढ़ा है, यह बढ़ोतरी आगे शेष चरणों में भी देखने को मिल सकती है। आप के मुखिया दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार की सशर्त अनुमति अदालत से मिली तो उन्होंने 75 प्लस का मुद्दा उठाकर भाजपा को सफाई देने के लिए मजबूर कर दिया, लेकिन स्वाति मालीवाल पिटाईकांड के बाद से वे सवालों के घेरे में हैं। शेष तीन चरण के लिए जहां भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है, पीएम नरेन्द्र मोदी ताबड़तोड़ रैली कर रहे हैं, वे फिर अयोध्या गए हैं। भाजपा पूरी क्षमता से जुटी हुई है तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली तक सिमटते दिख रहे हैं, पर्चा भरने के एक सप्ताह के दरम्यान राहुल ने केवल एक रैली ओडिशा में की। राज्यों में कांग्रेस के प्रचार में राहुल सरीखे बड़े नेता नदारद हैं, सपा मुखिया अखिलेश यूपी तक सीमित हैं। आप केवल 19 सीटों पर लड़ रही है, महाराष्ट्र में शरद पवार, उद्धव व कांग्रेस नेता मोमेंटम नहीं बना पा रहे हैं, इसके उलट भाजपा शिद्दत से चुनाव प्रचार कर रही है, भाजपा के दिग्गज नेता शेष चरण के सभी राज्यों में अपने उम्मीदवार के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस बीच ईरान के साथ चाबहार पोर्ट समझौते ने भारत के लिए मध्य एशिया से यूरोप तक के ट्रेड द्वार खोल दिए हैं। चाबहार डील पर अमेरिका की धमकी को गंभीरता से लेते हुए भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी धमकी को दरकिनार किया है। शेष तीन चरण के चुनाव अभियान का आंकलन व चाबहार डील से फायदे का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# शेष समर में भाजपा ने झोंकी ताकत



**विश्लेषण**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ पत्रकार

**निश्चय ही शेष तीन चरणों में रायबरेली, अमेठी और वाराणसी सर्वाधिक चर्चा में रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी रैलियां कर रहे थे, लेकिन पिछले 10 दिनों में जितना उन्होंने परिश्रम किया है वह सब रोड शो, रैलियां, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और टीवी इंटरव्यू में लगातार दिख रहे हैं। निश्चय ही इसका असर है और विपक्ष के नेताओं के लिए इसके समानांतर उसी रूप में संपूर्ण देश या अपने राज्यों में मतदाताओं को आकर्षित करना कठिन चुनौती है। अगर राहुल गांधी पहले की तरह सक्रिय नहीं दिखते और रायबरेली या कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहते हैं तथा केजरीवाल को जगह-जगह स्वाति मालीवाल के प्रश्नों पर झेंपना पड़ता है तो इसका असर चुनाव में नहीं होगा ऐसा कौन कह सकता है।**

चुनाव आयोग की यह सूचना निश्चय ही उत्साहित करने वाली है कि 13 मई को हुए चौथे चरण के मतदान में मतदान करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले ज्यादा रही। इस चरण में मतदान 69.56 प्रतिशत हुआ जो 2019 के संसदीय चुनाव में इसी चरण की तुलना में 3.65 फीसदी अधिक है। इससे पहले के तीन चरणों में कम मतदान का कई प्रकार से विश्लेषण किया जाने लगा था। तीसरे चरण में मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा जबकि 2019 में यह आंकड़ा 68.4 फीसदी था। 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 66.71 फीसदी मतदान हुआ जबकि 2019 में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। पहले चरण में 66.5 प्रतिशत मतदान हुआ जो 2019 के 69.43 फीसदी से कम था। हालांकि अभी चार चरणों के मतदान को मिला दें तो यह 2019 से करीब 2.5 फीसदी के आसपास कम होगा। उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले तीन चरणों में जहां 163 सीटों पर मतदान होना है, आंकड़ा और बढ़ेगा। अगर आंकड़ा नहीं भी बढ़ा तो राष्ट्रीय स्तर पर मतदान में इतनी कमी को ज्यादा चिंताजनक गिरावट के रूप में नहीं देखा जाएगा।

## उदाहरण स्थापित किया

अभी इसमें पड़ने की आवश्यकता नहीं है कि मतदान करने वालों में भारतीय जनता पार्टी और राजग के मतदाता अधिक निकल रहे हैं या विरोधियों के। इस चुनाव ने फिर एक बार साबित किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं, समर्थकों के लिए उदाहरण स्थापित करते हैं और राजनीति एवं चुनाव के एजेंडा भी सेट करते हैं। हालांकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई एक जून तक की सशर्त्त जमानत को आईएनडीआई गठबंधन के लिए बड़ी घटना के रूप में प्रचारित किया गया। उन्होंने अपने चरित्र के अनुरूप निकलने के साथ ही ऐसे बयान देना शुरू किया जो अभी तक आईएनडीआईए के एजेंडे में नहीं था। उदाहरण के लिए भाजपा में 75 वर्ष की उम्र में रिटायरमेंट का मुद्दा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अपनी पार्टी में पदों के लिए 75 वर्ष की उम्र सीमा बनाई थी जिसके कारण अनेक लोगों को चुनावी राजनीति से बाहर होना पड़ा तो वह अपने पर भी इसे लागू करेंगे। चूंकि वे 17 सितंबर, 2025 को 75 वर्ष के हो रहे हैं, इसलिए रिटायरमेंट ले लेंगे। रिटायरमेंट लेंगे तो अपने करीबी अमित शाह को ही प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने यह भी कह दिया कि वह योगी आदित्यनाथ को उनके पद से हटा देंगे। इस पर आगे चर्चा करेंगे। दो दौर में मतदान प्रतिशत की गिरावट के बाद जो संकेत सामने आया उसके बाद प्रधानमंत्री ने ऐसा लगा जैसे नए सिरे से करवट ली हो और चुनाव प्रचार शुरू किया हो। वे अयोध्या गए ,योगी आदित्यनाथ के साथ रामलला के दर्शन किए, रोड शो किए और वहां से संदेश दिया



कि चुनाव भाजपा के नियंत्रण में है। उसके बाद से चाहे वाराणसी में चौथे चरण के चुनाव के दिन नामांकन दाखिल करना हो या अन्य कार्यक्रम वे लगातार देश के सामने रहे। वाराणसी में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को संदेश दिया कि मतदान बढ़ाना आपकी भूमिका है, इसके लिए उन्होंने जिस तरह के भावनात्मक शब्दों का इस्तेमाल किया उससे कार्यकर्ता प्रेरित हुए होंगे। समाचार आ रहा था कि भाजपा के कार्यकर्ताओं-नेताओं का एक वर्ग स्थानीय स्तर पर उदासीन है। इसे ही कहते हैं नेतृत्व, जो किसी भी परिस्थिति में लोगों को प्रेरित करने के लिए जान लगा दे। प्रधानमंत्री ने यही दिखाया। उसके साथ उन्होंने दोबारा सभी टेलीविजन चैनलों को इंटरव्यू दिया। आप देखेंगे कि प्रधानमंत्री जहां भी थे वहीं से उन्होंने इंटरव्यू दिया और पूरी बातचीत की।

## भ्रम और विरोध पैदा करना

इन सबमें नए सिरे से चुनाव का एजेंडा तथा जीतने के विश्वास के साथ भावी सरकार की कार्य योजनाओं का विवरण था। इसके समानांतर राहुल गांधी लगभग दृश्य से एक सप्ताह के आसपास लगभग ओझल रहे। रायबरेली से नामांकन के बाद वहीं दिखे और उसके बाद लगभग 10 दिन बाद ओडिशा की रैली में सामने आए। अभी तक उन्होंने टीवी चैनलों को चुनाव में एक साक्षात्कार नहीं दिया है। अरविंद केजरीवाल की ओर लौटें तो कहने की आवश्यकता नहीं कि 75 वर्ष में रिटायरमेंट एक शिगूफा था। उन्हें भी पता है कि ऐसा होने वाला नहीं है। भाजपा में 2014 से कुछ समय तक 75 वर्ष की उम्र सीमा का अघोषित बंधन दिखाई पड़ता था। आगे ऐसा बंधन नहीं रहा। वीएस येदियुरप्पा को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनाया गया तो ई श्रीधरन को केरल के मुख्यमंत्री के उम्मीदवार के रूप में पेश किया गया। संसदीय बोर्ड एवं चुनाव समिति में ऐसे सदस्य हैं जो इस उम्र सीमा के बंधन से आगे निकल चुके हैं। केजरीवाल ने सोचा कि भाजपा के अंदर यह प्रश्न उठेगा और समर्थक भी सोचेंगे कि भाई मोदी जी अगर रिटायर ही हो जाएंगे तो हम उनके नाम पर वोट क्यों दें? योगी आदित्यनाथ के समर्थकों की भाजपा और संगठन परिवार में सबसे बहुत बड़ी संख्या है। यानी भाजपा के समर्थकों को पहले मोदी के नाम पर और योगी समर्थकों को उनके नाम पर भ्रम और विरोध पैदा करना।

## आम मतदाताओं तक संदेश

वैसे शेष बचे 163 सीटों में आम आदमी पार्टी केवल 22 पर लड़ रही है। मुख्यतः दिल्ली एवं पंजाब तक सीमित है। गुजरात में कांग्रेस ने उसे एक सीट दी है। इसमें उनके बयान या उनकी यात्राएं दूसरी पार्टी को बहुत लाभ पहुंचाएंगे ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है। मुख्यमंत्री आवास पर अरविंद केजरीवाल के सहायक द्वारा राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की पिटाई सबसे बड़ा राजनीतिक बवंडर का विषय है, जिनका जवाब उनके लिए देना कठिन हो गया। दिल्ली के बाहर उन्होंने पहली यात्रा लखनऊ की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पत्रकार वार्ता में जब यह प्रश्न उठा तो माइक अपने साथी राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ओर खिसकाना पड़ा। अखिलेश यादव ने यह कहकर कि इससे अलावा भी मुद्दे हैं, वास्तव में ऐसा रक्षात्मक रूप अपनाया जिसके विरुद्ध क्षोभ और गुस्सा पैदा हुआ होगा। संदेश जा रहा है कि महिला से हिंसा और दुर्व्यवहार की निंदा करने से वह बच रहा है। स्वाति मालीवाल की घटना ने आईएनडीआईए के नेताओं को संदेशखाली के बाद दूसरी बार ऐसी स्थिति में ला दिया है जहां सच जानते हुए भी स्टैंड नहीं ले रहे हैं। इसका संदेश आम मतदाताओं तक जा रहा है।

## शेष चरण महत्वपूर्ण

शेष बचे मतदान में कांग्रेस का महाराष्ट्र, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के अलावा बहुत ज्यादा दांव पर नहीं है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं, पूरी पार्टी वहां लगी है, लेकिन प्रदेश में सपा मुख्य ताकत है और कांग्रेस को केवल 17 सीटें लड़ने के लिए मिली हैं। बिहार में पार्टी लालू प्रसाद यादव के राजद के सहारे हैं और ओडिशा में इसकी कोई ताकत नहीं। दिल्ली में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के बाद दूसरी ताकत होना स्वीकार किया। पंजाब में आम आदमी पार्टी से भी इसे टकराना पड़ेगा और हरियाणा में पार्टी कलह और गुटबंदी का शिकार है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का कोई वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार करने नहीं गया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के प्रचार में केवल शशि थरूर गए। राहुल गांधी ने वहां झांकना तक जरूरी नहीं समझा। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हरियाणा और पंजाब के पार्टी नेतृत्व की भी यही शिकायत थी कि केंद्रीय नेता अभी तक रैली करने नहीं आए। भाजपा के लिए शेष चरण निश्चय ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इनमें 70 प्रतिशत से ज्यादा सीटें पिछले चुनाव में उसे मिली थी। भाजपा हर चुनाव में पूरी ताकत लगाती है और रायबरेली में फिर राहुल की घेराबंदी की कोशिश है। रायबरेली में स्थानीय नेताओं के बीच एकजुटता न देख केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वयं सपा और भाजपा में आए विधायक मनोज पांडे के घर गए और उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के साथ मिलकर काम करने का वायुमंडल बनाया। पिछले चुनाव में भाजपा अपनी रणनीति से अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर चुकी है। राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के इन दोनों स्थानों से लड़ने के अनिच्छुक थे इसका प्रमाण अंतिम समय तक दोनों स्थानों के लिए उम्मीदवारी की घोषणा नहीं होना था। उनका नाम नामांकन के कुछ समय पहले घोषित किया गया। स्वयं प्रधानमंत्री ने इसे मुद्दा बनाया है। निश्चय ही शेष तीन चरणों में रायबरेली, अमेठी और वाराणसी सर्वाधिक चर्चा में रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी रैलियां कर रहे थे, लेकिन पिछले 10 दिनों में जितना उन्होंने परिश्रम किया है वह सब रोड शो, रैलियां, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और टीवी इंटरव्यू में लगातार दिख रहे हैं। निश्चय ही इसका असर है और विपक्ष के नेताओं के लिए इसके समानांतर उसी रूप में संपूर्ण देश या अपने राज्यों में मतदाताओं को आकर्षित करना कठिन चुनौती है। अगर राहुल गांधी पहले की तरह सक्रिय नहीं दिखते और रायबरेली या कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहते हैं तथा अरविंद केजरीवाल को जगह-जगह स्वाति मालीवाल के प्रश्नों पर झेंपना पड़ता है तो इसका असर चुनाव में नहीं होगा ऐसा कौन कह सकता है। बचे चरणों में भाजपा-कांग्रेस की साख दांव पर है।

# कूटनीति: जो न रुके, न झुके, वो है भारत



**चाबहार समझौता**

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए जितना आवश्यक रहा है थल और हवाई मार्ग और उतना ही आवश्यक रहा है जल मार्ग। जल मार्ग की महत्ता को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार ने सोमवार 13 मई को ईरान के चाबहार में स्थित शाहिद बेहस्ती बंदरगाह के संचालन के लिए 10 वर्षीय समझौता अंजाम दिया है। शाहिद बेहस्ती बंदरगाह वस्तुतः ईरान का दूसरा सबसे बड़ा और अहम बंदरगाह है। 10 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद इस समझौते का फिर से नवीनीकरण किया जाएगा। भारत के जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने देश में जारी आम चुनाव के बीच ईरान पहुंचकर अपने समकक्ष के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। यह समझौता भारत के लिए कितना अहम है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत ने आम चुनाव के खत्म होने व नई सरकार बनने का इंतजार नहीं किया। चाबहार बंदरगाह समझौता के संपन्न हो जाने के बाद अमेरिका ने भारत को धमकी भरे अंदाज में कहा है कि भारत को ईरान के साथ संपन्न हुए समझौते के कारण अमेरिका द्वारा आयाद आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अमेरिका कदापि नहीं चाहता कि भारत वस्तुतः ईरान के साथ किसी तरह का कोई भी व्यापारिक संबंध स्थापित करे।

## कूटनीतिक प्रभाव

उल्लेखनीय है कि ईरान पर अमेरिका द्वारा कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयाद किए गए थे। तभी से भारत ने ईरान से कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया था और भारत द्वारा ईरान से तेल का आयात अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। उस वक्त यकीनन भारत ने अमेरिका के कूटनीतिक प्रभाव में आकर ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया था। अब फिर से भारत और ईरान के मध्य अंजाम दिए गए चाबहार समझौते के बाद अमेरिका भारत को आर्थिक प्रतिबंध आयाद करने की धमकियां देने पर उतारू हो गया है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में अंजाम दिए गए परमाणु परीक्षणों के बाद भी अमेरिका द्वारा आयद प्रतिबंधों को भारत द्वारा बाकायदा कामयाबी के साथ झेला गया था। तब भी अमेरिका भारत का बाल बांका नहीं कर सका था और भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती चली गई। उस प्रतिबंध से उल्टे अमेरिका का ही नुकसान हुआ कि उसका भारत में निर्यात प्रभावित हुआ। चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट वस्तुत पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के लिए भी कड़ी चुनौती बन चुका है, जिसका निर्माण चीन द्वारा किया जा रहा है। चाबहार बंदरगाह भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए एक शानदार सेतु बन जाएगा, क्योंकि यह बंदरगाह गहरे समुद्र वाला बंदरगाह है।

उल्लेखनीय है कि जब यूक्रेन युद्ध का प्रारंभ हुआ था, उस वक्त भी अमेरिका द्वारा रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध किए गए थे। अमेरिकी प्रतिबंधों की घनघोर अवहेलना करते हुए भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात शुरू किया, तब भी



अमेरिका द्वारा भारत पर आर्थिक प्रतिबंधों को आयाद करने की धमकियां दी गई थीं। किंतु भारत ने अमेरिका की धमकियों की घोर उपेक्षा करते हुए रूस से तेल और प्राकृतिक गैस का आयात निरंतर जारी रखा है और रूस से आयात किए गए तेल और प्राकृतिक गैस के कारण के भारत को कम से कम 300 मिलियन डॉलर की सालाना बचत हो चुकी है। रूस से एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 की डील के वक्त भी अमेरिका ने भारत के खिलाफ त्योरियां चढ़ाई थीं, उस वक्त भी भारत ने परवाह नहीं की थी। अब भी चाबहार समझौते के कारण भारत पर आर्थिक प्रतिबंध आयाद करने की अमेरिकन धमकियों की परवाह न करते हुए भारत द्वारा चाबहार बंदरगाह के विकास का काम बाकायदा जारी रखा जाएगा।

## नया संवर्धित प्रारूप करार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईरान यात्रा के दौरान वर्ष 2016 में चाबहार में स्थित शाहिद बेहस्ती बंदरगाह समझौते की बुनियाद रख दी गई थी। इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल कंपनी द्वारा वर्ष 2018 से चाबहार में स्थित बंदरगाह का संचालन किया जा रहा है। 13 मई 2024 को संपन्न हुए समझौते को वस्तुतः वर्ष 2016 में हुए समझौते का नया संवर्धित प्रारूप करार दिया जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर फरमाते हैं कि इस समझौते के बाद चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट में एक बड़े निवेश का रास्ता भारत के लिए खुल जाएगा। भारत सरकार ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए इंडिया पोर्टस ग्लोबल लिमिटेड नाम की कंपनी को कार्यभार सौंपा है। वर्ष 2016 के बाद वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा था कि चाबहार बंदरगाह भारत को व्यापार के लिए एक शानदार और नया समुद्री मार्ग प्रदान कर देगा, जिससे कि पाकिस्तान को बाईपास करते हुए भारत द्वारा अज़रबैजान, रुस और मध्य एशिया के साथ भारत द्वारा अपना व्यापार संपन्न किया जा सकेगा। इस समझौते के तहत भारत की इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कंपनी कुल मिलाकर भविष्य में चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए 3000 करोड रुपयों का निवेश और करेगी। अभी तक भारतीय कंपनी चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए 835 करोड रुपये का निवेश कर चुकी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत द्वारा प्रस्तावित इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर, जोकि 7200 लंबा प्रस्तावित समुद्री मार्ग है, इस परियोजना को चाबहार बंदरगाह का बड़ा बुनियादी समर्थन प्राप्त हो सकेगा। इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के निर्माण हो जाने के पश्चात भारत के समुद्री मार्ग के माध्यम से सीधी पहुंच यूरोप और मध्य एशिया के देशों तक हो जाएगी। इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को विकसित करने की परियोजना भारत बना चुका है। प्रस्तावित समुद्री मार्ग परंपरागत समुद्री मार्ग की अपेक्षा चालीस फीसदी कम दूरी वाला और 30 फ़ीसदी से अधिक सस्ता साबित होगा। इस कोरिडोर को अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, यूएई आदि देशों का समर्थन प्राप्त है।

## प्रोजेक्ट रोकने की कोशिश

उल्लेखनीय है कि चीन द्वारा पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में में ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने का प्रोजेक्ट पूरा किया जा रहा है। हालांकि बलोच विद्रोही निरंतर चीन के इंजीनियरों पर घात लगाकर हिंसक आक्रमण करते रहे हैं। बलोच विद्रोही ग्वादर बंदरगाह प्रोजेक्ट को रोकने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। ग्वादर बंदरगाह से चाबहार बंदरगाह की दूरी तकरीबन 100 किलोमीटर है। चाबहार बंदरगाह यकीनन अफगानिस्तान और मध्य एशिया के उन लैंडलॉक कंट्रीज के लिए वरदान साबित हो सकता है, जिनकी पहुंच सीधे गहरे समुद्र तक नहीं रही है। इस बंदरगाह से भारत ग्लोबल ट्रेड फ्रंट पर बहुत आगे पहुंच सकेगा। इससे दक्षिण चीन सागर के रास्ते पर निर्भरता भी कम होगी। नया कोरिडोर यूरोप, यूरेशिया व मध्य पश्चिम एशिया की भारत तक पहुंच आसान बनाएगा।

## बहुध्रुवीय वैश्विक शक्तियां

विश्व पटल पर विद्यमान शक्ति संतुलन पर निगाह डालें तो अब अमेरिका एक ध्रुवीय विश्व शक्ति नहीं रह गया है। अब विश्व में बहुध्रुवीय वैश्विक शक्तियां उभर कर सामने आ गई हैं। एक तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य शक्तियां हैं और दूसरी तरफ रुस, चीन, ईरान और नॉर्थ कोरिया आदि सैन्य शक्तियां विद्यमान है। अतः अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय बादशाहत का विश्व पटेल पर अंत हो चुका है। यहां तक कि अमेरिका द्वारा रूस पर आयाद आर्थिक प्रतिबंधों को यूरोप के नाटो देश ही स्वीकार नहीं कर रहे हैं। आजादी के बाद भारत एक गुटनिरपेक्ष देश रहा है। जोकि कोल्ड वॉर के विकट दौर में भी किसी भी सैन्य गुट में शामिल नहीं हुआ। आज जबकि दुनिया फिर से सैन्य गुटों में विभाजित हो रही है भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को कायम बनाए रखा है। भारत के संबंध रूस के साथ और अमेरिका के साथ मित्रतापूर्ण रहे। अब फिर से अमेरिका भारत की गुटनिरपेक्ष स्वतंत्र विदेश नीति को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है, जिसमें उसे फिर से मुंह की खानी पड़ेगी। विदेश नीति के निर्धारण में किसी भी देश के लिए उसके राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होते हैं। भारत के लिए भी उसके राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। भारत अपनी प्रबल सुरक्षा और विकासमान अर्थव्यवस्था के लिए किसी भी देश से व्यापारिक समझौता कर सकता है। भारत के ईरान के साथ सदियों पुराने सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक संबंध कायम बने रहे हैं। कभी-कभी बाहरी ताकतों की वजह से भारत-ईरान संबंध में कुछ व्यवधान जरूर पैदा हुआ है, पर वह अल्पकालीन ही रहा है। अभी चीन व ईरान की बढ़ती नजदीकी के चलते भारत व ईरान के बीच जारी चाबहार पोर्ट डील की गति धीमी पड़ी थी। अमेरिका को कोई हक नहीं बनता है कि ईरान के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों को लेकर किसी तरह के आर्थिक प्रतिबंध आयाद करें। रूस पर आयाद प्रतिबंधों को लेकर भी अमेरिका के समक्ष भारत कदाचित नहीं झुका और उसने रूस से तेल का आयात निरंतर जारी रखा। इसी तरह से वह ईरान के साथ स्थापित अपने व्यापारिक संबंधों को लेकर भी अमेरिका के कूटनीतिक दबाव में भारत कदापि नहीं आएगा। जो न रुके, जो न झुके, वो है भारत।

### गंदा पानी पीने से लोग बीमार, पीलिया की चपेट में आए

# पानी में तैरते दिखते कीड़े, बच्चों में भी फैल रही बीमारी

**राजस्थान की राजनीति**

**अलवर।** अलवर शहर में स्कीम नंबर 10 विवेक विहार में नलों से गंदा पानी आने से आमजन बीमार होने लगे हैं। कई लोग पीलिया की चपेट में आ चुके हैं। जिम्मेदार अफसरों को शिकायत करने के बावजूद पानी की समस्या का समाधान नहीं हो सका।

यहां के लोगों ने शनिवार को विरोध जताते हुए कहा कि कई दिनों से यहां सीवरेज का पानी आने लगा है। नाले का पानी नलों तक पहुंचा है। इस दूषित पानी के सेवन से बच्चों में कई तरह की बीमारी फैल गई। कई बच्चे बीमार हो गए। पानी इतना गंदा है कि कपड़े धोने में भी काम नहीं ले सकते। पानी में कीड़े तक आए हैं। इस कारण बीमारी फैलने की आशंका बरकरार है।



पीएचईडी के अधिकारियों को कई बार बताया लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। गंदा पानी आने पर आमजन चेताया कि जल्दी समाधान नहीं हुआ आगे बड़ा विरोध किया जाएगा।

### हाईवे पर दौड़ती पिकअप में आग लगी

# ड्राइवर ने कूद कर जान बचाई, पिकअप का आगे का हिस्सा पूरा जला

**राजस्थान की राजनीति**

**अलवर।** दिल्ली मुंबई सुपर एक्सप्रेस वे पर शनिवार दोपहर को चलती पिकअप में आग लग गई। ड्राइवर ने पिकअप से कूदकर जान बचाई। जरा सी देरी हो जाती तो ड्राइवर जिंदा जल जाता। हादसे में पिकअप के आगे का हिस्सा पूरी तरह जल गया।

बड़ौदामेव में शीतल के पास पिकअप के इंजन में अचानक आग लग गई। लादिया सिरमौर चैनल नंबर 94+100 पर पिकअप में आग दिखी। पिकअप दिल्ली से जयपुर की तरफ जा रही थी। आगे से धुआं व आग दिखा तो पिकअप के ड्राइवर ने तेजी से साइड में रोका और तुरंत नीचे कूद गया।

पिकअप ड्राइवर शेरद्दीन ने बताया कि वह दिल्ली से जयपुर जा रहा था। ऐसे में पिकअप ने



अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चला। उसने अपनी जान गाड़ी से कूद कर बचाई। वह खरबूजा का व्यापार करता है।दिल्ली से जयपुर खरबूजा खाली कर के आ रहा था। चानक लादिया सिरमौर के पास चैनल नंबर 94+100 पर यह हादसा हो गया। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हादसे को देखने हाईवे पर भीड़ जुट गई।

# बाड़मेर में पुराने दिन गए, गुंडागर्दी-दादागिरी बर्दाश्त नहीं: विधायक प्रियंका चौधरी

## एसपी से कहा- वर्दी के साथ न्याय नहीं कर पाओगे, जनता के साथ कैसे करोगे



**बाड़मेर**

बाड़मेर विधायक प्रियंका चौधरी ने बदमाशों को चेतावनी देते हुए कहा कि मैं सभी को कहना चाहूंगी कि यहां जो हिमाकत की है, जुर्रत की है कब्जा करने की। यह नहीं होने दूंगी। पुराने दिन नहीं है, पुराना वक्त नहीं है। यहां इस तरह की गुंडागर्दी और दादागिरी प्रियंका चौधरी बर्दाश्त नहीं करेगी। यह सब कान खोलकर सुन लो। दरअसल, बाड़मेर शहर के नेहरू नगर में शुक्रवार की शाम दो गाड़ियों में आए बदमाशों ने दिनदहाड़े एक भूखंड पर कब्जा करने का प्रयास किया। दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। इसमें एक पक्ष के चार जनें घायल हो गए, जिन्हें गवर्नमेंट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। घायलों से मिलने बाड़मेर विधायक प्रियंका चौधरी भी पहुंची और एसपी से घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रियंका चौधरी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि बाड़मेर शहर के अंदर दिनदहाड़े एक भूखंड पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। जो वीडियो आए है, उनमें यह बात तय है कि प्लान के तहत कब्जा करने का प्रयास था। वहां पर क्रेन और मशीन, कंटेनर लेकर आए। जो कब्जा करने आए थे वो धारदार हथियार लेकर आए थे। उनके पास सरिए, कुल्हाड़ियां थी। हॉस्पिटल में महिलाओं को चोट लगी हुई है। युवकों के सिर में टांके आए हुए है।

### लगता है पुलिस का खौफ जनता में खत्म हो गया

उन्होंने कहा कि नेहरू नगर मामले में दो चीज सामने निकल कर आ रही है। या तो पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। या फिर किसी न किसी की शह जरूर है। वरना किसी की हिम्मत नहीं है कि सरेआम ऐसी हरकत करें। मुझे सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस को फोन किया, कुछ पुलिसकर्मी पहुंचे थे। लेकिन जो कार्रवाई हुई वो संतोषजनक नहीं थी।

### पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम

चौधरी ने कहा कि एसपी से मुलाकात की और उन्होंने कहा कि चार जनों को अरेस्ट किया है। एफआईआर में 11 जने नामजद है। एसपी ने भरोसा दिया है कि शाम तक सभी को गिरफ्तार कर लेंगे। अगर अरेस्ट नहीं कर पाते है तो वो अपने अधिकारी उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे। पुलिस का कर्तव्य है कि आमजन में जो भय का माहौल है, उसे खत्म करें। लेकिन मैं मानती हूं कि जिस तरीके से घटनाएं हो रही है, उसमें पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रही है।

### यह था पुरा मामला

नेहरू नगर में एक भूखंड पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। घटना में भूखंड पर कब्जा करने पहुंचे पक्ष ने कुछ लोगों के साथ मारपीट भी की है। मारपीट में हेमंत कुमार व मनोज कुमार चोटिल हुए हैं। दोनों का गवर्नमेंट हॉस्पिटल में उपचार करवाया है। एक पक्ष के लोग कंटेनर लेकर खाली भूखंड पर कब्जा करने पहुंचे थे। ऐसी स्थिति में विवाद हो गया। उसके बाद मारपीट की घटना हुई। पुलिस ने क्रेन चालक स्वरूपा राम को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। हालांकि विधायक का कहना है कि कार्रवाई संतोषजनक नहीं है।

### एसपी से कहा है- वर्दी के साथ तो न्याय करिए

चौधरी ने कहा- एसपी साहब ने भरोसा दिलाया है कि शाम तक सारे अरेस्ट हो जाएंगे। मुझे विश्वास है कि एसपी साहब अपनी कार्रवाई पर खरे उतरेंगे। हालांकि सदर थाने में जिस तरह की कार्रवाई हुई, चार कॉन्स्टेबल को सस्पेंड करने की नौबत आ गई। क्यूं हुआ ऐसा। जो जिम्मेदार अधिकारी था, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, जो चार निर्दोष थे उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इस मामले में भी एसपी साहब से बात हुई है कि कम से कम वर्दी के साथ तो न्याय कीजिए। आप वर्दी के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे तो जनता के साथ कहां से न्याय कर पाएंगे। शाम तक आश्वासन दिया है, शाम तक इंतजार करके देखते है।

### भाटी मामले में चार कॉन्स्टेबल के निलंबन पर उठाए सवाल

बता दें कि बीते दिनों निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के कार्मिक के साथ पुलिसकर्मियों की ओर से मारपीट के बाद बाड़मेर एसपी ने चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया था। इस पर प्रियंका चौधरी ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि इनको सस्पेंड करने की नौबत क्यूं आ गई। जो जिम्मेदार अधिकारी था उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। चार निर्दोष थे, उस पर कार्रवाई करने की स्थिति आ गई। उन्होंने कहा कि उस मामले में भी एसपी से बात हुई है। वर्दी के साथ कम से कम न्याय कीजिए। वर्दी के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे तो जनता के साथ कैसे न्याय कर पाओंगे। मामले में एसपी ने आश्वासन और भरोसा दिया है कि शाम तक कार्रवाई का इंतजार करते है।

### *प्रियंका चौधरी बीजेपी से बागी होकर बनी थी विधायक*

*प्रियंका चौधरी मारवाड़ व बीजेपी के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री स्व. गंगाराम चौधरी की पौत्री है। बीजेपी से 2013 विधानसभा चुनाव का लड़ा था। लेकिन हार गई थी। फिर वसुंधरा सरकार ने चौधरी को यूआईटी का चेयरपर्सन बनाया था। इसके बाद 2018 में विधानसभा चुनाव में टिकट मांग रही थी। लेकिन बीजेपी ने तत्कालीन सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी को बाड़मेर सीट पर उतारा, लेकिन वे हार गए थे। विधानसभा चुनाव 2023 में प्रियंका चौधरी ने बाड़मेर सीट से फिर से टिकट मांगा। लेकिन पार्टी ने टिकट नहीं दिया। इसके बाद चौधरी ने बगावत कर निर्दलीय विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत गई। वहीं बीजेपी प्रत्याशी करीब 5 हजार वोट लेकर आया और जमानत जब्त हो गई। लोकसभा चुनाव में निर्दलीय विधायक प्रियंका चौधरी ने बीजेपी को समर्थन दिया। लोकसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी के लिए वोट भी मांगे।*

## लिव-इन-पार्टनर से मिलने आए युवक की पिटाई, एग्रीमेंट बनाने का कहकर बुलाया

**जोधपुर**

लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक से मारपीट होना सामने आया है। युवती जोधपुर रहती है। उसके भाई ने एग्रीमेंट के नाम युवक को जोधपुर बुलाया। इसके बाद युवती के ससुराल वालों ने हमला कर दिया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने युवक को हॉस्पिटल पहुंचाया। पीड़ित के भाई ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। उदय मंदिर थाना हेड कॉन्स्टेबल मनोज मीना ने बताया कि शुक्रवार रात 12 बजे युवक के भाई रमजान अली ने मामला दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई गुलफान शुक्रवार को सीवाना से जोधपुर आया था। उसके पास बरकत अली का फोन आया और कहा कि शादी का ऑर्डर देना है। इस पर वह शाम को जोधपुर आया था। स्टेडियम शॉपिंग सेंटर की तरफ एक गाड़ी में बैठकर कुछ लोग आए और गुलफान के साथ मारपीट की। पीटने वालों में बरकत, वाजिद, वसीम, असलम और अरबाज आदि थे। इस पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की है। युवक गुलफाम का कहना है कि लिव-इन पार्टनर पहले शादीशुदा थी। उसके बाद मेरे साथ लीव-इन में रहने लगी। तीन दिन पहले उसकी पार्टनर अपने घर जोधपुर आ गई। इसके बाद युवती के भाई ने लिव-इन का एग्रीमेंट बनवाने जोधपुर गया तो पार्टनर के देवर, जेठ और पति ने पब्लिक पार्क के पीछे मारपीट की। कान, हाथ व पैर में फैक्चर हुआ है। उन्होंने उसके गले में पहनी सोने की चेन भी छीन ली। उसने बातया कि उन्होंने मेरा धारदार हथियार से कान काट दिया।



## भाभी ने लोहे के पाइप से देवर का सिर फोड़ा, जमीन हड़पने के लिए पुत्रवधू के साथ मिलकर पीटा

**भिवाड़ी**

जमीन हड़पने के लिए भाभी ने अपनी पुत्र वधु के साथ मिलकर देवर पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। कमरे में बंद कर मारपीट की गई। सिर में लोहे पाइप के वार से व्यक्ति की सिर फट गया, जिससे सात टांके आए हैं। वहीं हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई। घटना के समय चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने बीच बचाव किया और हॉस्पिटल में भर्ती कराया। मामला भिवाड़ी के खुशखेड़ा थाना क्षेत्र के नसोपुर गांव का है। पीड़ित प्रकाश पुत्र मूलचंद ने भाभी सुनिल देवी प%ी नन्दराम और उसकी पुत्र वधु नीतू के खिलाफ जमीन हड़पने के लिए जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वह नन्दराम के साथ रहता है।शुक्रवार शाम करीब 4.30 बजे उसने घर का दरवाजा खोलने के लिए कहा तो भाभी सुनिल ने दरवाजा नहीं खोला और दूसरे गेट से अन्दर आने के लिए कहा गया। जब वह अंदर गया तो भाभी ने अपनी पुत्रवधु नीतू के साथ मिलकर डंडों व लाठियों ताबड़तोड़ हमला कर दिया। भाभी सुनिल देवी ने लोहे की पाइप से सिर पर वार किया, जिससे सिर फट गया। इसी दौरान पडोसी अवाज सुनकर आए और उसे हालत देखकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया। सिर में सात टांके आए हैं, वहीं हाथ पैरों में गंभीर चोटें आई है। पीड़ित प्रकाश ने बताया कि उसके पिता का 2019 में लकवा की बीमारी लगने से मौत हो गई थी। करीब 2021 में उनकी मां कुंदना देवी की भी कैंसर से मौत हो गई थी। वह खुद अविवाहित है और लंबे समय से अपने भाई के पास ही रह रहा है। लेकिन अभी जमीनी विवाद को लेकर उसकी भाभी उसे आए दिन झगड़ा करती रहती है, घटना के दिन भी उसकी भाभी ने उसे अंदर बुलाया और कमरा बंद कर उसकी पिटाई कर दी। प्रकाश का आरोप है कि उसकी भाभी और अन्य लोग मिलकर उसे मारना चाहते है ताकि उसके हिस्से की जमीन उनको मिल सके।




## सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर फंदे झूला युवक

**चौमूं**

एक युवक ने फेसबुक पर वीडियो अपलोड किया और उसमें स्वेच्छा से सुसाइड करने की बात कही। इसके बाद शुक्रवार देर रात कमरे में पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मामला जयपुर के चौमूं थाना इलाके का है। चौमूं थाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका-मुआयना किया गया। वहीं, शनिवार को सरकारी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया- मृतक युवक की पहचान योगेश कुमार (31) पुत्र गुलाब सिंह निवासी अलीपुर ईटावा उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उसने सुसाइड करने से पहले वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया, जिसमें मृतक कह रहा कि मैं आत्महत्या कर रहा हूं। किसी को भी परेशान नहीं किया जाए। मैं किसी परेशानी की वजह से सुसाइड कर रहा हूं। इस वीडियो में मृतक अपने घर वालों को भी याद कर रहा है। जिसमें अपने माता-पिता प%ी और बच्ची के बारे में भी जिक्र करता हुआ नजर आ रहा है हालांकि सुसाइड की मौत के बाद किसी को भी परेशान नहीं करने की बात भी कही है। उसने सोशल मीडिया पर पहले सुसाइड करने का एक वीडियो अपलोड किया और फिर कमरे में पंखे से रस्सी के द्वारा फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। फिलहाल पुलिस कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक रींगस रोड स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था।



## युवक के साथ मारपीट के मामले में होटल संचालक गिरफ्तार

**सीकर**

सीकर की दांतारामगढ़ पुलिस ने युवक के साथ मारपीट कर लूट के मामले में आरोपी होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। थानाधिकारी भवानी सिंह राठौड़ ने बताया कि 27 मार्च को पीड़ित युवक कार्तिक शर्मा के पिता नवरतन शर्मा निवासी किशनगढ़ रेनवाल ने मामला दर्ज करवाया कि 25 मार्च 2024 को धुलंडी के दिन उनका बेटा कार्तिक शर्मा अपने दोस्तों के साथ कुली में स्थित होटल सांवरिया पैलेस में चाय नाश्ता करने के लिए गया था। उस दौरान होटल आपसी कहासुनी के चलते संचालक द्वारिका प्रसाद ऐचरा, गजेंद्र ऐचरा एवं उसके अन्य पांच नामजद साथियों ने मिलकर कार्तिक शर्मा एवं उसके दोस्त बाबूलाल, कुलदीप के साथ मारपीट की। उस दौरान बाबूलाल व कुलदीप जान बचाकर भाग गए लेकिन उनके पुत्र कार्तिक शर्मा को उक्त नामजद लोगों ने गंभीर रूप से मारपीट कर घायल कर दिया और उनकी मोटरसाइकिल, दो मोबाइल और नगदी रुपए छीन लिए। घटना के बाद पुलिस ने मारपीट, लूट, जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आज वारदात में शामिल मुख्य आरोपी गजेंद्र ऐचरा निवासी कुली को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से कड़ी पूछताछ की जा रही है । अन्य आरोपियों की तलाश जा रही है। वहीं आरोपियों द्वारा पीड़ित युवक से छीनी गई बाइक, मोबाइल बरामदगी के प्रयास कर रही है।

## पिता ने 3 साल के बेटे का गला रेता, आंगन में पहले से खोद रखी थी कब्र

**डूंगरपुर**

आधी रात को पिता ने अपने 3 साल के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। घटना के समय मासूम अपनी मां के पास गहरी नींद में सो रहा था। मां ने उसे बचाने की बहुत कोशिश की, पर कामयाब नहीं हो पाई। रात भर बेटे के शव के पास मां बैठी रही। सुबह करीब 6 बजे पुलिस को सूचना मिली। मामला डूंगरपुर के कुआं इलाके का है। उधर, शव को दफनाने के लिए पिता ने घर के आंगन में कब्र खोद रखी थी। इसलिए पुलिस इस मामले को अंधविश्वास से भी जोड़कर देख रही है। कुआं थानाधिकारी सुनील चावला ने बताया- यह खौफनाक घटना शुक्रवार-शनिवार की रात करीब 2 बजे गांव बेडवा में हुई है। गांव के ही किसी व्यक्ति ने पुलिस को शनिवार सुबह सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बच्चे की मां ने बताया कि पति कानजी पारगी पुत्र पूंजा ने आधी रात धारदार छुरे से सबसे छोटे बेटे आयुष के शरीर और गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। इसके बाद भाग गया। कुआं थाना पुलिस ने बेडवा गांव में बने कानजी के कच्चे मकान का मुआयना किया। यह परिवार गरीब है। चारपाई पर बच्चे का शव मिला। जमीन पर जगह-जगह खून के निशान मिले। घर में कानजी के चार बच्चे भी थे, जो आयुष से बड़े थे। घर के एक हिस्से में पुलिस को खुदी हुई कब्र मिली। पुलिस ने बताया कि कब्र देखकर लगता है कि इसे पहले से तैयार कर रखा था। बच्चे की हत्या प्री-प्लान बनाकर की गई। गुस्से या अचानक किसी घटना के होने पर नहीं की गई। बच्चे की मां ज्यादा कुछ नहीं बता पा रही है। उधर, पिता को पुलिस ने डिटेन कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के समय घर में पिता के अलावा मां और बच्चे के 4 बड़े भाई-बहन थे। बच्चे के मर्डर की सूचना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है। बड़ी संख्या में गांव के लोग मासूम के घर पहुंच गए। कुआं थाना इंचार्ज सुनील चावला और सीमलवाड़ा पुलिस उपाधीक्षक संदीप सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया। मां, बच्चों और लोगों से पूछताछ की। हत्या के कारणों की जानकारी नहीं हो पाई है।



## झुंझुनूं में कैंपर-ट्रेक्टर सवार युवकों ने दिनदहाड़े फैलाई दहशत, खेत में घुसकर तारबंदी हटाई,

**झुंझुनूं**

झुंझुनूं में दिनदहाड़े खेत में कैंपर और ट्रेक्टर घुसा कर उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खेत में लगे तारबंदी के पिलर हटा दिए और महिला पर भी गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बदमाश दिनदहाड़े खेत में घुसकर दहशत फैलाते नजर आ रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना गुढ़ागौड़जी थाना क्षेत्र के छऊ गांव में 15 मई को हुई। इस संबंध में छऊ निवासी दीपक कुमार पुत्र बहादुर सिंह की ओर से 17 मई को थाने में रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि 15 मई को करीब सुबह 7 बजे हमारे ही गांव का संदीप कुमार दड़ीया व पांच से सात अन्य लोग कैंपर गाड़ी व ट्रेक्टर में सवार होकर आए। उन्होंने आते ही खेत की तारबंदी के पोल तोड़ दिए और खेत के अंदर गाड़ियां घुमाने लगे। उन्होंने गाड़ियां घुमाकर खौंफ पैदा करने की कोशिश की। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो कैंपर ऊपर चढाने का प्रयास कर जान से मारने की कोशिश की। उनके साथ शामिल दो महिलाओं ने मेरी मां के साथ मारपीट भी की। जिससे मां के शरीर पर काफी जगह चोटें आई है। दीपक कुमार ने बताया- ये लोग पहले भी 2 बार हमारे खेत में घुसकर दहशत फैला चुके है और लगातार परेशान कर रहे है। गुढ़ागौड़जी थाना सीआई राम मनोहर ठोलिया ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मामले की पूरी जानकारी सामने आ पाएगी।



## शादी में गया था परिवार, घर में घुसे चोर, लाखों का कैश, जेवरात लेकर भागे, बाइक पर आए थे

**सीकर**

सूने मकान के ताले तोड़ कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व कैश चोरी करने का मामला सामने आया है। परिवार शादी में गया हुआ था इस दौरान पीछे से चोरों ने सूने मकान में धावा बोल दिया और चोरी कर भाग गए। घटना सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र की है। पुलिस को दी रिपोर्ट में गीता देवी (45) निवासी बल्लूपुरा, खंडेला ने बताया कि महिला अपने परिवार के साथ चारण का वास में पारिवारिक शादी में गई हुई थी। दोपहर के करीब 11 से 12:30 के बीच तीन चोर उनके मकान में घुस गए। चोरों ने मकान के ताले तोड़ कर अलमारी में रखे 3 लाख के गहने व 1 लाख 45 हजार का कैश चोरी कर भाग गए। परिवार जब वापस घर लौटा तो देखा कि मकान में चोरी हो चुकी और मकान में सामान बिखरा हुआ था। बाहर से मकान के ताले टूटे हुए थे। महिला ने बताया कि चोर बाइक पर सवार होकर आए थे जिन्हें पड़ोस के एक व्यक्ति ने मकान में घुसते हुए देखा था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई भागीरथ मल कर रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरे चेक कर चोरों की तलाश में जुटी है।

## कुवैत से बीवी को मोबाइल पर मैसेज भेजकर दिया तीन-तलाक

**बांसवाड़ा** तीन तलाक को कानूनी रूप से प्रतिबंधित कर दिया हो, लेकिन आज भी इसके जरिए तलाक देने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही एक मामला बांसवाड़ा जिले में सामने आया है। जिसमें एक युवक ने विदेश से पत्नी को मोबाइल पर मैसेज भेजकर ही तलाक दे दिया है। इस संबंध में पत्नी की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने 16 मई को पति, सास, ससुर समेत 6 जनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। शिकायतकर्ता पत्नी ने बताया- उनका निकाह सितंबर 2015 में शाहबाश बेग से हुआ। इससे उनकी दो बेटियां भी हुई। विवाह के कुछ समय तक आरोपियों ने उन्हें अच्छा रखा, लेकिन बाद में आए दिन दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

## गैंगरेप और भट्‌टीकांड में 7 लोग बरी, 2 दोषी करार, भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**शाहपुरा**

राजस्थान के शाहपुरा जिले में नाबालिग से गैंगरेप कर भट्टी में जलाने के मामले में 10 महीने बाद भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट नंबर 2 ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने कुल 9 आरोपियों में से 7 को बरी कर दिया है और 2 को दोषी माना है। लोक अभियोजक महावीर किसनावत ने बताया-पॉक्सो कोर्ट संख्या 2 ने सात आरोपियों को मामले में बरी कर दिया। वहीं दो लोगों को दोषी करार दिया है। सजा पर फैसले को सुरक्षित रखा गया है। पिछले साल 2 अगस्त को हुई घटना ने राजस्थान के साथ पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। इस चर्चित भट्टी कांड पर आज भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट नंबर 2 में आज विशेष सुनवाई चली। नाबालिग लड़की को गैंगरेप के बाद कोयले की भट्टी में जिंदा जलाने का मामला सामने आने पर पुलिस ने एक महीने के अंदर 473 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए थे। कोर्ट ने भी इस हत्याकांड को ए श्रेणी का अपराध माना था। इस मामले में करीब 10 माह से चल रही सुनवाई अब पूरी हो चुकी है। मामले की जांच भीलवाड़ा के DSP श्याम सुंदर बिश्नोई ने की थी। इसकी मॉनिटरिंग एडीजी क्राइम दिनेश एमएन व अजमेर रेंज आईजी लता मनोज ने की थी। इस केस में मुख्य आरोपी कान्हा कालू सहित 9 लोगों को आरोपी बनाया गया था।

इसमें आरोपियों की प%ी, बहन, मां-पिता व अन्य लोग शामिल किए गए थे। इनमें से 7 को बरी कर दिया गया है। गैंगरेप करने वाले 2 लोगों को दोषी माना है। हालांकि आज इन्हें सजा नहीं सुनाई गई है।



### ये था मामला

शाहपुरा जिले के कोटडी थाना क्षेत्र में 2 अगस्त 2023 को दिल दहला देने वाला मामला सामने आया था। गिरडिया पंचायत की एक नाबालिग जब खेत में बकरी चराने गई थी, तब दो लोगों ने उसके साथ गैंगरेप किया और बेहोशी की हालत में कोयले की भट्टी में झोंक दिया। इस कांड में आरोपियों की प%ी ने भी साथ दिया। आरोपियों ने बच्ची को भट्टी में जलाने के बाद उसके शेष बचे बॉडी पार्ट्स को तालाब में फेंक दिए। नाबालिग शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश की। करीब रात 10 बजे जब परिजन बच्ची की तलाश कर रहे थे तो कालबेलियों के डेरे में भट्टी जलती दिखी। जिस पर उन्हें शक हुआ। इसके बाद भट्टी के पास पहुंचे तो बच्ची के जूते मिले। साथ ही भट्टी में चांदी का कड़ा और हड्डी के कुछ टुकड़े मिले। जिस पर बवाल मच गया और पुलिस को सूचना दी। अगले दिन खेत पर संचालित कोयले की भट्टी में कुछ शरीर के टुकड़े मिले। बाद में पुलिस ने तालाब से भी कुछ अवशेष बरामद किए थे।

# स्मॉलकैप स्कीम्स का कमाल

# 10 साल में 940% तक रिटर्न

*बाजार में इस समय लगातार निवेशक बढ़ रहे हैं। कई स्कीम्स अच्छा रिटर्न दे रही हैं और निवेशको को मालामाल कर रही हैं। पिछले दिनों स्मॉलकैप म्युचुअल फंड्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए निवेशकों ने भी म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। इससे स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। ऐसे में इन स्कीम्स में निवेश आपको भी मालामाल कर सकता है। बस योजना बनाएं, लक्ष्य तय करें और निवेश के लिए आगे आएं।*

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

इन दिनों बाजार में निवेश के लिए सैंकड़ों स्कीम्स मौजूद हैं। इनमें निवेश की दिलचस्पी ले रहे हैं। पिछले कुछ सालों में देखा जाए तो हर साल लाखों की संख्या में नए निवेशक जुड़ रहे हैं। म्युचुअल फंडों का मार्केट कैप लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्कीम्स अच्छा रिटर्न दे रही हैं और निवेशकों को मालामाल कर रही हैं। स्मॉलकैप म्युचुअल फंड्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए निवेशकों ने भी म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। इससे स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। पिछले कुछ महीनों का एवरेज देखें तो स्मॉलकैप फंडों में अच्छा खासा निवेश आया है। इसकी एक वजह है कि पिछले दिनों स्मॉलकैप स्टॉक्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए बेहतर रिटर्न पाने के लिए निवेशकों ने म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। ऐसे में इन स्कीम्स में निवेश आपको भी मालामाल कर सकता है।



### लंबी अवधि में ज्यादा मुनाफा

स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। इस रिपोर्ट में हमने कुछ स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड की जानकारी जुटाई है, जिन्होंने बीते 10 साल में सबसे अच्छा परफॉर्म किया है। इन स्कीम में निवेशकों का पैसा 10 साल में 10 गुना तक बढ़ गया है। यानी एक लाख रुपये का निवेश 10 लाख रुपये तक हो गया। निवेशक मालामाल हुए हैं। जानकारों का कहना है कि स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश करना पैसे बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है।

### क्या हैं स्मॉल कैप फंड

स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड प्रमुख रूप से 5,000 करोड़ से कम मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। यह इक्विटी म्यूचुअल फंड की एक सब-कैटेगरी है और इनका प्रदर्शन बाजार के उतार-चढ़ाव से प्रभावित होता है। स्मॉल कैप कंपनियों में बाजार में गिरावट के दौरान अधिक अस्थिरता यानी वोलैटिलिटी दिखती है। हालांकि बेस्ट स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि में हाई रिटर्न देने की क्षमता होती है। स्मॉल-कैप फंड में, फंड मैनेजर पोर्टफोलियो का कम से कम 65% स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश करता है।

## 10 वर्ष में टॉप रिटर्न वाले फंड

### निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 26.36% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 940%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 10,40,092 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 25.02% सालाना
- कुल एसेट्स: 45749 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.52%

### एसबीआई स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 25.38% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 863%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 9,62,777 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 21.77% सालाना
- कुल एसेट्स: 27759.65 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.62%

### एक्सिस स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 23.83% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 750%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 8,50,042 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 22.52% सालाना
- कुल एसेट्स: 20136.63 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 0.52%

### डीएसपी स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 22.32% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 651%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 7,51,330 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 19.64% सालाना
- कुल एसेट्स: 13038.55 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.77%

### कोटक स्मॉलकैप फंड


- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 21.71% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 615%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 7,14,698 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 20.77% सालाना
- कुल एसेट्स: 14815.19 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.65%

- एक लाख रुपये का निवेश बन गया 10 लाख तक
- कई स्मॉलकैप स्कीम निवेशकों दे रही बढ़िया मुनाफा
- स्मॉल-कैप फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न की गारंटी

### स्मॉल कैप फंड्स की खासियत

सेबी के नियमों के अनुसार, स्मॉल-कैप फंडों को अपने इन्वेस्टमेंट कॉर्पस का कम से कम 65 फीसदी स्मॉल-कैप शेयरों में आवंटित करना होता है। स्मॉलकैप में मिड टर्म की अवधि में मिडकैप और लार्जकैप की तुलना में रिस्क लेवल ज्यादा होता है, लेकिन वे हायर रिटर्न दे सकते हैं और लंबी अवधि में दूसरी कैटेगरी से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। स्मॉल-कैप कंपनियों के पास ज्यादा एक्सपेंशन की संभावना है, जिससे ग्रोथ की संभावनाएं भी ज्यादा होती हैं।





# मैन्युफैक्चरिंग फंडों में भी निवेश पर विचार कर सकते हैं निवेशक

बिजनेस डेस्क

अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सरकार द्वारा विनिर्माण पर जोर दिए जाने के कारण मैन्युफैक्चरिंग का क्षेत्र पिछले कुछ समय से सुर्खियों में रहा है। संभावित जबरदस्त वृद्धि का फायदा उठाने की चाहत रखने वाले निवेशक विनिर्माण फंडों में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। ऐसे कई फंड बाजार में पहले से मौजूद हैं, लेकिन टाटा म्युचुअल फंड ने हाल में टाटा निफ्टी 500 मल्टीकैप इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 50:30:20 इंडेक्स फंड के नए फंड ऑफर (एनएफओ) को जारी किया है। जानकारों का कहना है कि 'सरकार का घरेलू विनिर्माण पर काफी जोर रहा है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं द्वारा ठोस प्रयास किया जा रहा है।' ऐसे में निवेशक मैन्युफैक्चरिंग फंडों में भी निवेश पर विचार कर सकते हैं। इस समय इन फंडों में निवेश एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

विनिर्माण पर जोर

विनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेक इन इंडिया और पीएम गतिशक्ति ने नीतिगत ढांचे की नींव रखी है। विनिर्माण क्षमता सृजित करने के उद्देश्य से शुरू की गई अन्य प्रमुख नीतिगत पहलों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, निर्यात प्रोत्साहन और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के उदार कायदे कानून शामिल हैं। आत्मनिर्भर भारत के तहत आयात के बजाए घरेलू उत्पादन पर जोर दिया गया है। चीन+1 मॉडल के जोर पकड़ने के साथ ही कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अब भारत को अपना पसंदीदा गंतव्य मानती हैं। इन पहलों के कारण विनिर्माण क्षेत्र में काफी निवेश आने की उम्मीद है। 'हाल में भारत का पीएमआई (विनिर्माण गतिविधियों का सूचकांक) 57.2 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। कई क्षेत्रों में क्षमता उपयोगिता कोविड-पूर्व स्तर से आगे निकल चुकी है। ऐसे में क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। अधिकतर कंपनियां भविष्य की मांग वृद्धि के लिहाज से क्षमता विस्तार पर निजी निवेश कर रही हैं।' विनिर्माण के दायरे में कई क्षेत्र शामिल हैं। इसमें से कुछ घरेलू खपत पर केंद्रित हैं जबकि अन्य निर्यात केंद्रित हैं। इसमें पुरानी अर्थव्यवस्था और हाईटेक कारोबार दोनों शामिल हैं। विनिर्माण केंद्रित फंड वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों में निवेश नहीं करते हैं।

- इस समय ऐसे कई फंड बाजार में पहले से मौजूद, टाटा निफ्टी पांच सौ मल्टीकैप इंडिया मैन्युफैक्चरिंग का एनएफओ
- सरकार का घरेलू विनिर्माण पर काफी जोर रहा, बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत को पसंदीदा गंतव्य मान रही
- पोर्टफोलियो में विविधीकरण के लिहाज से यह प्रभावी विकल्प

### फंड कंपनियों का आकर्षण

कई प्रमुख फंड कंपनियां विनिर्माण केंद्रित फंड की ओर आकर्षित हुई हैं। इनके फंड अपने कोष का करीब 80 फीसदी हिस्से का निवेश विनिर्माण कंपनियों के शेयरों में करते हैं। निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) इस श्रेणी के फंड के लिए बेंचमार्क है। इस सूचकांक के शीर्ष तीन क्षेत्रों में वाहन एवं वाहन कलपुर्जा, पूंजीगत वस्तु और स्वास्थ्य सेवा शामिल हैं। इन क्षेत्रों में आवंटन क्रमशः 31.1 फीसदी, 20.3 फीसदी और 15.1 फीसदी है। इस सूचकांक ने अगस्त 2021 में अपनी स्थापना से मार्च 2024 के बीच 15.6 फीसदी का चक्रवृद्धि वार्षिक रिटर्न दिया है।

### क्या है जोखिम

अन्य सभी थीमेटिक पेशकश की तरह इन फंडों में भी जोखिम रहता है। जानकारों का कहना है कि 'निवेशकों को उन क्षेत्रों से संबंधित उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है, जिनमें फंड ने निवेश किया है।' विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियां चक्रीय स्थिति का सामना करना पड़ता हैं। 'इसके प्रदर्शन में ब्याज दरें, मुद्रास्फीति और मुद्रा की चाल जैसे वृहद आर्थिक कारकों की प्रमुख भूमिका होती है।' विनिर्माण केंद्रित कई फंडों का ट्रैक रिकॉर्ड सीमित रहा है।

### किसे निवेश करना चाहिए?

निवेशकों को मल्टीकैप फंड और फ्लेक्सीकैप फंड जैसे विविध इक्विटी फंडों का उपयोग करते हुए अपना पोर्टफोलियो तैयार करना चाहिए। बुनियादी पोर्टफोलियो तैयार करने के बाद ही उन्हें विनिर्माण केंद्रित फंड में निवेश करना चाहिए। 'यह फंड पहली बार निवेश करने वाले निवेशकों के लिए नहीं है। अधिक जोखिम उठाने की क्षमता रखने वाला अनुभवी निवेशक लंबी अवधि के लिहाज से इन फंडों में निवेश पर विचार कर सकता है।' 'जिन निवेशकों को खास क्षेत्रों के बारे में पर्याप्त जानकारी है और जो अपने पोर्टफोलियो में कुछ खास आक्रामकता को समायोजित कर सकते हैं, वे इन फंडों में निवेश कर सकते हैं। अगर निवेशक संतृप्ति स्तर पर पोर्टफोलियो से बाहर निकलने की विशेषज्ञता रखता है तो यह उनके लिए उपयुक्त हो सकता है।'

# निवेश में देरी, आपको भी कर सकती है लक्ष्य से दूर

**निवेश में हर एक साल की देरी घटाती है कंपाउंडिंग की ताकत**

**रिटर्न में भी आएगा लाखों का अंतर, समय पर शुरू करें निवेश**

**सुरक्षित निवेश चाहते हैं तो म्युचुअल फंड एसआईपी सबसे बेहतर**

**कम उम्र में निवेश से फाइनेंशियल टारगेट जल्द हो जाते हैं पूरे**

सुझाव

बिजनेस डेस्क

अक्सर देखने में आता है कि निवेश की योजना बनाने में जितनी देरी या लापरवाही होगी, आप अपने फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने में उतना ही पीछे होते चले जाएंगे। कम उम्र में निवेश शुरू करने का मतलब है कि फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा समय। आज के दौर में बच्चे जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। खास तौर से मेट्रो शहरों में युवा कम उम्र से ही अर्निंग मेंबर बन जाते हैं। एक तरह से कह लें तो उनमें जागरुकता भी बढ़ रही है, लेकिन क्या यही जागरुकता निवेश और बचत के मामले में भी है। क्या ये युवा नौकरी शुरू करते ही अपने रिटायरमेंट या नॉन वर्किंग ईयर्स के बारे में सोचते हैं। आमतौर पर बहुत से मामलों में इसका जवाब नहीं होगा। क्योंकि अर्निंग शुरू होने के कुछ साल वे अपनी तुरंत की जरूरतों और शौक पूरा करने पर ज्यादा खर्च करते हैं। इसलिए रिटायरमेंट के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग उनकी प्राथमिकता में पीछे रह जाता है। लेकिन ये गलती कर वे कंपाउंडिंग की ताकत का फायदा लेने में उन लोगों से पीछे रह जाते हैं, जिन्होंने समय पर निवेश शुरू कर दिया है।

### लक्ष्य पूरा करने में न रह जाएं पीछे

फाइनेंशियल एडवाइजर भी यही सलाह देते रहते हैं कि जितना जल्दी हो सके, भविष्य के बारे में सोचकर फाइनेंशियल प्लानिंग शुरू करें और लगातार निवेश बनाए रखते हुए अपनी प्लानिंग में अनुशासित बने रहें।

निवेश की योजना बनाने में जितनी देरी या लापरवाही होगी, आप अपने फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने में उतना ही पीछे होते जाएंगे। कम उम्र में निवेश शुरू करने का मतलब है कि फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा समय। वहीं लंबी अवधि में निवेश से आपको कंपाउंडिंग का पूरा फायदा भी मिलता है। निवेश का सुरक्षित विकल्प चुनना चाहते हैं तो आपके लिए म्युचुअल फंड एसआईपी बेहतर है। वहीं स्माल सेविंग्स स्कीम उनके लिए बेहतर है जो बाजार का रिस्क जरा भी नहीं लेना चाहते हैं।

### उदाहरण से समझें

इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं। मान लिया 3 दोस्तों ए, बी और सी ने एक साथ नौकरी शुरू की। ए ने 25 साल की उम्र से फाइनेंशियल प्लानिंग शुरू किया, जबकि बी ने 30 की उम्र और सी ने 35 की उम्र से निवेश करना शुरू किया। तीनों ने एक ही म्यूचुअल फंड स्कीम में एक समान एसआईपी शुरू की। एक ही स्कीम होने से तीनों ने अनुमानित रिटर्न 12 फीसदी सालाना माना। रिटायरमेंट की उम्र 55 साल तय की। ऐसे में ए, बी और सी के पास निवेश के लिए 30 साल, 25 साल और 20 साल मिल गया।

### पहला

- निवेशक ए : 30 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी : 5000 रुपये
- अवधि: 30 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 18 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 1,76,49,569 रुपये (1.8 करोड़)
- फायदा: 1,58,49,569 रुपये (1.6 करोड़)

### दूसरा

- निवेशक बी : 25 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी: 5000 रुपये
- अवधि: 25 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 15 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 94,88,175 रुपये (95 लाख रुपये)
- फायदा: 79,88,175 रुपये (करीब 80 लाख रुपये)

### तीसरा

- निवेशक सी: 20 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी: 5000 रुपये
- अवधि: 20 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 12 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 49,95,740 रुपये (करीब 50 लाख रुपये)
- फायदा: 37,95,740 रुपये (करीब 38 लाख रुपये)

### क्या मिला रिजल्ट

- पहले केस में निवेश के लिए 30 साल का समय मिल गया और कुल 18 लाख निवेश के बदले कुल फंड 1.8 करोड़ हो गया। यानी करीब 1.6 करोड़ का फायदा हुआ।



- दूसरे केस में निवेश के लिए 25 साल का समय मिला और कुल 15 लाख निवेश के बदले कुल फंड 95 लाख रुपये हुआ और करीब 80 लाख रुपये का फायदा हुआ।
- तीसरे केस में निवेश के लिए 20 साल का समय मिला और कुल 12 लाख निवेश के बदले कुल फंड करीब 50 लाख रुपये हुआ और करीब 38 लाख रुपये का ही फायदा हुआ।

### कितना दिख रहा अंतर

आप खुद तय कर सकते हैं कि 18 लाख निवेश कर 1.80 करोड़ पाना चाहेंगे, कि 15 लाख के बदले 95 लाख या 12 लाख के बदले सिर्फ 50 लाख। यहां निवेशक सी ने अगर 10 साल पहले निवेश शुरू किया होता तो उसे सिर्फ 6 लाख और निवेश बढ़ाने पर 50 लाख के बदले 1.80 करोड़ मिल गए होते जो 1.30 करोड़ ज्यादा है। यही कंपाउंडिंग की ताकत है। इसी तरह से यहां निवेशक सी ने अगर 5 साल पहले निवेश शुरू किया होता तो उसे सिर्फ 3 लाख और निवेश बढ़ाने पर 95 लाख के बदले 1.80 करोड़ मिल गए होते जो 85 लाख रुपये ज्यादा हैं।

# हर रोज जमा करें 6 रुपये मिलेगा अच्छा फायदा

बिजनेस डेस्क

**बाल जीवन भीम योजना बना देगी लाखों की रकम**

बच्चे के जन्म के बाद कई माता-पिता अपने बच्चे के भविष्य की योजना बनाना शुरू कर देते हैं, निवेश के विभिन्न रास्ते तलाशते हैं। इनमें लड़कियों के लिए पोनमा बचत योजना और लड़कों के लिए पोनमगन बचत योजना जैसी लिंग-विशिष्ट योजनाएं लोकप्रिय रही हैं। इसी तरह डाकघरों ने बाल जीवन भीम योजना शुरू की गई है, जो विशेष रूप से बच्चों के लिए डिज़ाइन की गई जीवन बीमा योजना है। यह पहल डाक और मनीऑर्डर के पारंपरिक केंद्र से निवेश और वित्तीय विकास को सुविधाजनक बनाने में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए डाकघरों की विकसित भूमिका को रेखांकित करती है। बाल जीवन भीम योजना 8 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है, जो 18 वर्ष की आयु तक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। इस योजना की एक उल्लेखनीय विशेषता इसकी वहनीयता है, जिसके लिए 6 रुपये से शुरू होने वाले न्यूनतम दैनिक निवेश की आवश्यकता होती है। 18 वर्ष की आयु से पहले बीमित बच्चे की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में योजना 1 लाख रुपये तक के बीमा कवरेज का वादा करती है।

### आवेदन प्रक्रिया और लाभ

बच्चे के लिए बीमा करवाने के इच्छुक माता-पिता सीधे किसी भी नजदीकी डाकघर में आवेदन कर सकते हैं। बाल जीवन भीम योजना व्यापक ग्रामीण डाक जीवन बीमा पहल का हिस्सा है, जिसमें डाक जीवन बीमा योजना भी शामिल है। आरपीएलआई के तहत 1,000 रुपये के वार्षिक निवेश पर 48 रुपये बोनस मिल सकता है, जबकि डाक जीवन बीमा योजना में समान निवेश राशि पर 52 रुपये का थोड़ा अधिक बोनस मिलता है। ये बोनस पॉलिसी की परिपक्वता पर एकमुश्त भुगतान किए जाते हैं, जो अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा प्रदान करते हैं।

### डाकघर अहम संस्थान

डिजिटल भुगतान प्लेटफ़ॉर्म में उछाल के बावजूद डाकघर कई लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान बने हुए हैं, जो अब बच्चों के भविष्य को वित्तीय रूप से सुरक्षित करने के लिए बाल जीवन भीम योजना जैसे रास्ते पेश कर रहे हैं। यह योजना माता-पिता को मानसिक शांति प्रदान करती है।

# सोना कितना खरा : कैसे करें निवेश कि हो जाएं मालामाल

## क्या बेहतर सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड या डिजिटल गोल्ड, फायदे और अंतर जानने के बाद ही करें इंवेस्टमेंट

बिजनेस डेस्क

सर्राफा बााजार में इन दिनों सोने की चर्चा जोरों पर हैं। जानकारों का कहना है कि इस साल सोना 75 से 80 हजारी तक हो सकता है। ऐसे में सोने में निवेश एक बेहरीन अवसर है। अगर आपके मन में भी सोने में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने की चाहत है तो आप भी इसमें निवेश कर सकते हैं। गोल्ड यानी सोना लॉन्ग टर्म परफॉर्मर रहा है। निवेश के लिए यह एक भरोसेमंद विकल्प है। हो सकता है कि इसमें इक्विटी की तरह से अचानक हाई रिटर्न न मिले, लेकिन यह लंबी अवधि में स्टेबल रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। लंबी अवधि में इसका रिटर्न कई एसेट क्लास से बेहतर भी रहा है। न सिर्फ आर्थिक अनिश्चितता में बल्कि गोल्ड ने तो शेयर बाजारों की तेजी में भी हाई रिटर्न दिया है। ऐसे में एक्सपर्ट पोर्टफोलियो में 5 से 8 फीसदी अलोकेशन गोल्ड में रखने की बात करते हैं। उनका यह भी कहना है कि गोल्ड में निवेश का बेस्ट विकल्प सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) हो सकता है, क्योंकि इसमें मिलने वाले कुछ बेनेफिट इसे खास बनाते हैं। गोल्ड में इंवेस्ट करने की इच्छा है तो फिजिकल गोल्ड से बढ़िया है कि आप सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड या फिर डिजिटल गोल्ड में इंवेस्ट करें। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर किसमें निवेश करना ज्यादा बेहतर है और दोनों में क्या-क्या अतंर है तो चलिए इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं कि सोने में निवेश के लिए क्या बेहतर है।



### क्या है सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है। इसे आरबीआई के द्वारा जारी किया जाता है। ये बॉन्ड 1 ग्राम सोने का होता है इसका मतलब है कि 1 ग्राम सोने की जो कीमत होती है वहीं, बॉन्ड की कीमत होती है। इसमें अगर आप निवेश करते हैं तो जोखिम का खतरा भी काफी कम होता है। इसमें आप 24 कैरेट के 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने में इंवेस्ट कर सकते हैं। बात करें इसकी मैच्योरिटी की तो बता दें कि इसमें निवेश को मार्केट रेट के हिसाब से पैसे मिलते हैं और सब्सक्राइबर्स को 2.5 प्रतिशत का सालाना ब्याज मिलता है।

### क्या होता है डिजिटल गोल्ड


आज के डिजिटल युग में लोगों सिर्फ फिजिकल गोल्ड में ही नहीं, बल्कि डिजिटल गोल्ड में भी निवेश करना बहुत पसंद कर रहे हैं। यह एक ऐसे प्रकार का गोल्ड है, जिसे आप आसानी से बेच भी सकते हैं और इसमें निवेश करना भी काफी सुरक्षित माना जाता है। सिर्फ यही नहीं, आप डिजिटल गोल्ड में एक रुपये से भी निवेश करना शुरू कर सकते हैं। डिजिटल गोल्ड को डिजिटल वॉलेट में रखा जाता है और समय के साथ इसकी कीमत भी बढ़ती जाती है। गूगल पे, फोन पे, अन्य कई सारे ऐप्स के माध्यम से भी आप डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं। भारत में एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्रा. लिमिटेड, ऑगमोंट गोल्ड लिमिटेड जैसी कंपनियां डिजिटल गोल्ड ऑफर करती हैं। आप डिजिटल गोल्ड को फिजिकल रूप में भी बदल सकते हैं। इसे आप गोल्ड बार, गोल्ड के सिक्कों में भी बदल सकते हैं।

### डिजिटल गोल्ड और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में अंतर

डिजिटल गोल्ड में आपको गोल्ड के दामों का तुरंत अपडेट मिलता है। आप रीयल-टाइम मार्केट अपडेट के आधार पर गोल्ड को खरीद या बेच सकते हैं। सिर्फ यही नहीं, डिजिटल गोल्ड को आप फिजिकल गोल्ड में आसानी से कन्वर्ट कर सकते हैं, जबकि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में आपको यह ऑप्शन नहीं मिलता है। इसके अलावा सॉवरेन गोल्ड में 5 साल का लॉक-इन टाइम पीरियड होता है और 5 साल पूरा होने के बाद ही आप प्री-मैच्योर रिडम्पशन करा सकते है। मुख्य रूप से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 8 साल में मैच्योर होता है। वहीं, डिजिटल गोल्ड में कोई भी लॉक-इन पीरियड नहीं होता है और इसे कभी भी खरीदा या बेचा जा सकता है। डिजिटल गोल्ड खरीदने के लिए आपको सिर्फ इंटरनेट और नेटबैंकिंग की जरूरत होती है। डिजिटल गोल्ड पर टैक्स प्लस सेस और सरचार्ज चुकाना पड़ता है और इसके कारण इसका मुनाफा कम हो जाता है। वहीं, डिजिटल गोल्ड को लेकर आधिकारिक तौर पर ऑफिशियल रेगुलेटरी संस्था नहीं है, जबकि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम केंद्र सरकार के तहत काम करती है। इन दोनों में ही निवेश करने से पहले आपको इनके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

**सेमीकंडक्टर चिप्स के निर्माण की दौड़ में भारत भी शामिल | अमेरिकी कंपनी माइक्रोन 2027 से उत्पादन शुरू करेगी | धोलेरा में 28 नैनोमीटर से लेकर 14 नैनोमीटर तक के चिप्स बनाए जाएंगे**

# गुजरात के धोलेरा में बन रहा 'मिनी ताइवान' साणंद व असम में उत्पादन संयंत्र ले रहा आकार



**असम में प्रतिदिन 4.8 करोड़ चिप्स**

*टाटा ग्रुप की टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएटी) गुजरात के अलावा असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपए के निवेश से संयंत्र लगा रही है। इस संयंत्र में रोजाना 4.8 करोड़ चिप्स बनाने की क्षमता होगी। मार्च 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी ने इसका भूमिपूजन किया था*

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

चीन का पड़ोसी छोटा सा देश ताइवान आज पूरी दुनिया को सेमीकंडक्टर चिप्स की आपूर्ति कर रहा है। चिप्स की बढ़ती मांग के चलते अब अमेरिका, जापान जैसे देश भी चिप्स संयंत्र का तेजी से विस्तार कर रहे हैं। अब इस रेस में भारत भी शामिल हो चुका है। भारत में गुजरात और असम में सेमीकंडक्टर चिप्स के संयंत्र तैयार हो रहे हैं। गुजरात में दो संयंत्र बनने हैं, एक साणंद में और दूसरा धोलेरा में। तीसरा संयंत्र असम में बनाया जाएगा। धोलेरा का संयंत्र तो ताइवान की मदद से ही तैयार किया जा रहा है। इन संयंत्र के तैयार हो जाने के बाद देश के इंजीनियर्स को भारत से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

***धोलेरा में लग रहे संयंत्र की लागत 91 हजार करोड़ रुपए***

***असम में लग रहे संयंत्र की लागत 27 हजार करोड़ रुपए***



### ताइवान की कंपनी है पार्टनर

टाटा ग्रुप और ताइवान की पॉवचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन (पीएसएमसी) धोलेरा में 91 हजार करोड़ रुपए की लागत से संयंत्र लगा रहे हैं। मार्च-2024 में पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इस संयंत्र का शिलान्यास किया था। इस संयंत्र में 28 नैनोमीटर से लेकर 14 नैनोमीटर तक के चिप्स बनाए जाने हैं। इन चिप्स का इस्तेमाल टैबलेट, लैपटॉप, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन में होगा।

### माइक्रोन साणंद में संयंत्र लगाएगी

अमेरिकी कंपनी माइक्रोन साणंद में संयंत्र लगाएगी। इसके लिए अगस्त-2023 में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस एमओयू से पहले जुलाई-2023 में पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका गए थे और वहां माइक्रोन कंपनी ने गुजरात में संयंत्र लगाने का ऐलान किया था। संयंत्र के निर्माण का काम 2027 तक पूरा हो जाएगा।

### जापान-थाईलैंड का संयुक्त उद्यम


जापान की रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन और थाईलैंड की स्टार माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर गुजरात के साणंद में संयंत्र बनाएगी। यह सेमीकंडक्टर संयंत्र 7,600 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। यहां हर दिन 1.5 करोड़ चिप्स बनाए जा सकते हैं। इससे प्रत्यक्ष रूप से 20 हजार और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

### सेमीकंडक्टर पॉलिसी

*गुजरात सरकार ने 2022 से 2027 तक के लिए सेमीकंडक्टर नीति बनाई है और यह नीति बनाने वाला वह भारत का पहला राज्य बन गया है। 'गुजरात सेमीकंडक्टर नीति 2022-27' के तहत सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को सब्सिडी और प्रोत्साहन दिया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 75 प्रतिशत सब्सिडी और भूमि खरीद पर जीरो स्टांप शुल्क की योजना बनाई गई है।*

### धोलेरा में स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन

अहमदाबाद से करीब 100 किमी की दूरी पर धोलेरा में स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन (एसआईआर) प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। यहां इतनी बड़ी जगह है कि अहमदाबाद से भी बड़ा शहर बसने वाला है। यहां सिंगापुर जैसा अत्याधुनिक शहर बसाया जा रहा है। जैसे ताइवान का सिंचू वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बन गया है, वैसे ही धोलेरा भी गुजरात का सेमीकंडक्टर हब बनेगा। सिर्फ सेमीकंडक्टर ही नहीं, कई व्यवसाय यहां आएंगे। इसमें डिफेंस, एविएशन, फार्मास्यूटिकल्स, एग्रो और फूड प्रोसेसिंग, हाईटेक इंजीनियरिंग जैसे बिजनेस शामिल होंगे। सड़कों का काम पूरा हो चुका है और कई छोटे संयंत्र भी शुरू हो चुके हैं।



## खबर संक्षेप

### ट्रक के खड्डे में गिरने से पाक में 13 की मौत



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर खड्डु में गिर जाने से पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। बताया कि वाहन खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। तेज गति के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

### पीएम ने दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि जगदीप धनखड़ हमेशा नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करते हैं। पूर्व पीएम देवेगौड़ा के जुनून की सराहना करते हुए कहा कि देश के प्रति उनकी सेवा के लिए सभी राजनीतिक वर्ग में उनका सम्मान है।

### गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो जजों को करें स्थायी



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो न्यायाधीश को स्थायी करने की सिफारिश की है। इसके अलावा, न्यायाधीश राजेश सेखरी को इस साल 29 जुलाई से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश बनाने का सुझाव दिया है।

## अमेरिका ने पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की

# विश्व में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र कोई नहीं, भारत के साथ हमारा रिश्ता बेहद करीबी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

*जॉन किर्बी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम भारतीय लोगों की वोट देने की उनकी क्षमता और उनकी भावी सरकार में आवाज उठाने की क्षमता की सराहना करते हैं।*

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। हम भारतीय लोगों की वोट देने की उनकी क्षमता और उनकी भावी सरकार में आवाज उठाने की क्षमता की सराहना करते हैं।



व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निश्चित रूप से हम पूरी मतदान प्रक्रिया के दौरान उनके (भारत) अच्छे होने की कामना करते हैं। जॉन किर्बी चल रहे भारतीय चुनावों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत में 96 करोड़ लोग वोटिंग प्रक्रिया का हिस्सा बन रहे हैं, जो 2,660 रजिस्टर्ड पार्टियों के कैंडिडेट को चुनने वाले हैं। भारतीय हजारों उम्मीदवारों में से 545 संसद सदस्यों का चुनाव चुनाव करने के लिए दस लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग प्रशंसनीय हैं।

- *भारत-अमेरिका ने इंडो-पैसिफिक क्वाड का विस्तार किया*
- *दोनों देश नई प्रौद्योगिकियों पर मिलकर काम कर रहे*
- *दोनों देशों की सेनाएं भी कई युद्ध अभ्यास में हिस्सा ले चुकी*
- *संबंध लगातार घनिष्ठ हो रहे*

### भारत, ब्रिटेन ने 'रोडमैप 2030' की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा की दो दिवसीय लंदन यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन 'रोडमैप 2030' की व्यापक समीक्षा की गई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों पक्ष व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमत हुए। भारत और ब्रिटेन के बीच विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के 16वें दौर में भाग लेने के लिए विदेश सचिव ने 16 से 17 मई तक लंदन का दौरा किया। भारत और ब्रिटेन ने व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करने के लिए 2021 में 10 वर्षीय 'रोडमैप' अपनाया था। एफओसी में, विदेश सचिव ने ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में स्थायी अवर सचिव सर फिलिप बार्टन के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं और परस्पर हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि विदेश सचिव और (ब्रिटेन के) स्थायी अवर सचिव ने रोडमैप 2030 की विस्तृत समीक्षा की।

### पीएम मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी

*किर्बी ने कहा कि आपने इसे राजकीय दौरे (अंतिम दौरे) पर देखा था। हमने सभी प्रकार की नई पहलें शुरू कीं, महत्वपूर्ण नई प्रौद्योगिकियों पर एक साथ काम कर रहे हैं। हमने और इंडो-पैसिफिक क्वाड की प्रासंगिकता को बढ़ाया और विस्तारित किया, जिसका भारत एक हिस्सा है। दोनों देशों की सेनाएं भी कई युद्ध अभ्यास में हिस्सा ले चुकी हैं। यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय साझेदारी है। इसके लिए हम पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी हैं।*

**भारत से संबंध घनिष्ठ हो रहे**


जॉन किर्बी ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत विशेष रूप से बाइडेन प्रशासन के पिछले तीन वर्षों के दौरान मजबूत हुए हैं। भारत के साथ हमारा रिश्ता बेहद करीबी है और लगातार घनिष्ठ होता जा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडेन पीएम नरेंद्र मोदी के साथ दोस्ती और गहरी करना चाहते हैं।

## किर्गिस्तान के बिश्मेक में भड़की हिंसा

# पाक छात्रों को पीटा, भारत ने 'अपनों' को सतर्क किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान के बिश्मेक में मेडिकल की पढ़ाई करने गए भारतीय और पाकिस्तानी छात्रों की जान खतरे में पड़ गई है।



किर्गिस्तान से खबर आई है कि वहां स्थानीय लोगों ने तीन पाकिस्तानी छात्रों को पीट-पीटकर मार डाला। स्थानीय लोग अन्य पाकिस्तानी छात्रों को भी निशाना बना रहे हैं।

चूंकि भारतीय और पाकिस्तानी दिखने में एक जैसे लगते हैं, इसलिए भारतीय छात्रों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। ऐसे हालात में भारतीय विदेश मंत्रालय ने किर्गिस्तान में रहने वाले भारतीय छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की है और उन्हें सतर्क रहने और हास्टल के बाहर नहीं जाने की सलाह दी है।

### दूतावास छात्रों के संपर्क में

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बिश्केक में भारतीय छात्रों के कुशल-क्षेम पर नजर रखी जा रही है। अब स्थिति शांत बताई जा रही है। मैं छात्रों को दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह देता हूं। भारतीय दूतावास ने कहा कि किसी भी समस्या के मामले में दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24×7 संपर्क नंबर 0555710041 है। हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है।

### स्थानीय लोगों से लड़ाई विवाद के पीछे की वजह

राजधानी बिश्केक में 13 मई को एक कॉलेज के हास्टल में मिस्र के कुछ मेडिकल छात्रों की किर्गिज के स्थानीय लोगों से लड़ाई हो गई। विवाद बढ़ने पर उनके बीच मारपीट शुरू हो गई। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जो असली गुनहगार थे, वे नहीं पकड़े गये। इससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। इस दौरान कुछ स्थानीय लोग बगल के हॉस्टल में रह रहे पाकिस्तान के छात्र-छात्राओं के कमरे में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे और जो छात्र सामने मिला उसकी पिटाई की।

## राजभवन में छेड़छाड़ का मामला

# पुलिस ने तीन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को कथित तौर पर गलत तरीके से रोकने के आरोप में राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### महिला का आरोप

*पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला को 2 मई को गलत तरीके से रोककर राजभवन छोड़ने से रोकने के लिए तीन अधिकारियों को एफआईआर में शामिल किया गया है। हम उस शाम उनकी भूमिका की जांच करेंगे। 2 मई को महिला ने बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की थी। संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत, किसी राज्यपाल के खिलाफ उसके कार्यकाल के दौरान कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है।*

## खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों का उपयोग

# केंद्र व एफएसएसएआई से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर



कीटनाशकों और अन्य रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग व अत्यधिक उपयोग के संबंध में याचिका पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रसायनों के अत्यधिक उपयोग को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जवाब मांगा। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने पर्यावरणविद् और वकील आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर याचिका में उठाए गए मुद्दों पर विचार करने के लिए सहमत हुए। याचिका में कहा गया कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्रमुख कारण बन गया है। सीजेआई ने कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे।

## नीट पेपर सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़

# 2 मेडिकल छात्र समेत 4 गिरफ्तार पटना से राजस्थान तक जुड़े हैं तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यानी नीट की परीक्षा देश की सबसे बड़ी और कठिनमत परीक्षाओं में से एक है।



हर साल लगभग 23 से 24 लाख उम्मीदवार मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए नेशनल एलिबिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी) में बैठते हैं। उम्मीदवारों की इतनी बड़ी संख्या होने की वजह से परीक्षा को लेकर कई कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाते हैं, बावजूद इसके कुछ लोग 05 मई को आयोजित हुई नीट परीक्षा सेंधमारी करने में कामयाब हो गए। हालांकि दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सॉल्वर गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### कई शहरों में छापेमारी

दिल्ली पुलिस के मुताबिक बीती 5 मई को भारतीय विद्या भवन मेहता विद्यालय में नीट परीक्षा के दौरान दो छात्रों का बायोमेट्रिक डेटा मैच नहीं हो रहा था, उन्हें पकड़ा गया। इसके बाद तिलक मार्ग थाने में केस दर्ज किया गया। स्पेशल की टीम ने इसकी जांच शुरू की। टीम बाकी आरोपियों का पता लगाने के लिए दिल्ली, अलवर, जयपुर और नोएडा में सिलसिलेवार छापे मार रही है।

### 4 मोबाइल फोन, 1 कार जब्त

नई दिल्ली डीसीपी देवेश कुमार महला के मुताबिक, नीट के एग्जाम के दौरान नकल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ ने पेपर सॉल्व करने वाले रैकेट में शामिल 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के 2 एमबीबीएस छात्रों के साथ-साथ वो लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने इस साजिश में उनकी मदद की। कार्रवाई के दौरान 4 मोबाइल फोन और 1 कार जब्त की।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंडोनेशिया के बीच त्रिपक्षीय कार्यशाला आयोजित

# समुद्री सुरक्षा गतिविधियों में सहभागिता तथा सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंडोनेशिया त्रिपक्षीय समुद्री सुरक्षा कार्यशाला (टीएमएसडब्ल्यू) के दूसरे संस्करण का आयोजन 15 से 17 मई, 2024 तक कोच्चि में आईएनएस द्रोणाचार्य पर किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्यशाला का मुख्य विषय 'हिंद महासागर क्षेत्रः क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास' पर केंद्रित था, जिसे इस समुद्री क्षेत्र में तीन समुद्री पड़ोसी देशों के बीच वर्तमान में चल रही समुद्री सुरक्षा गतिविधियों से संबंधित चुनौतियों एवं सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए चुना गया था। यह महत्वपूर्ण कार्यशाला दक्षिणी नौसेना कमान मुख्यालय के मार्गदर्शन में आयोजित की गई थी और इसमें भाग लेने वाली तीन देशों की नौसेनाओं के प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी देखी गई।



### भारत और यूएई के बीच बैठक संपन्न

*भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) दक्षता पैदा करने और लागत कम करने के लिए प्रभावी वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने खलीफा बंदरगाह, फुजैरा बंदरगाह और जेबेल अली बंदरगाह का दौरा किया। उन्होंने माल की आवाजाही सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित बंदरगाह अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।*

### इनकी रही खास उपस्थिति

कार्यशाला की अध्यक्षता नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (एफसीआई) रियर एडमिरल निर्भय बापना ने की। आयोजन की सह-अध्यक्षता रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के कमोडोर फ्लोटिलास, कमोडोर पॉल ओ'ग्राडी, टीएनआई (एएल) से सीआईसी इंडोनेशियाई फ्लीट कमांड के संचालन के लिए सहायक एफएडीएम हेरी ट्रिविबोवो और भारतीय नौसेना के कमोडोर (विदेशी सहयोग) कमोडोर मनमीत एस खुराना द्वारा की गई।

**सूचना तंत्र व क्षमता बढ़ाएंगे**

कार्यशाला में सभी चर्चाएं हिंद महासागर क्षेत्र में वर्तमान अवसरों और चुनौतियों पर केंद्रित थीं। जिसमें आईएफसी-आईओआर की सूचना विनिमय तंत्र व क्षमताएं, समुद्री डोमेन जागरूकता, गैर-पारंपरिक एवं अवैध समुद्री गतिविधियां, समुद्री कानून प्रवर्तन, क्षमता वृद्धि और क्षमता निर्माण, पारस्परिक सहभागिता तथा सहयोग बढ़ाने के मार्ग आदि शामिल हैं।

## सिंगापुर में कोविड-19 की नई लहर

# लगातार बढ़ रही कोरोना मरीजों की संख्या मास्क पहनने व घर में रहने की



एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों ने दुनिया के दूसरे देशों में भी डर पैदा करना शुरू कर दिया है। 5 से 11 मई के बीच करीब 26000 मामले सामने आए। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने मास्क पहनने की सलाह दी है। मंत्री के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है

### रोज 250 केस आ रहे

*स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि जून के मध्य और अंत के बीच सिंगापुर में एक नई लहर देखने को मिलेगी। कोरोना महामारी के रोजाना आने वाले मामले 181 से बढ़कर लगभग 250 हो गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि बिस्तर की क्षमता को बचाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। सार्वजनिक अस्पतालों को अपने गैर-जरूरी वैकल्पिक सर्जरी के मामलों को कम करने और उपयुक्त रोगियों को संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाओं में स्थानांतरित करने को कहा गया है। बीमार व्यक्ति की घर पर देखभाल करें।*

राजस्थान के नेता अमेठी में कांग्रेस के प्रचार में जुटे

# 3 लाख गुर्जर मुस्लिम मतदाताओं पर सभी दलों की नजर, प्रदेश के गुर्जर नेता कर रहे जनसंपर्क



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में चुनाव समाप्त होने के बाद प्रदेश के नेता दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। गुर्जर आरक्षण आंदोलन व किसान आंदोलन के नेता हिम्मत सिंह गुर्जर ने भी अपने साथियों के साथ अमेठी में कांग्रेस के लिए प्रचार किया। वे अमेठी लोकसभा से कांग्रेस पार्टी सीनियर ऑब्जर्वर अशोक गहलोत के बुलावे पर अपने साथियों के साथ 14 मई को अमेठी पहुंच गये थे। अमेठी में हिम्मत सिंह गुर्जर और सुरेश गुर्जर कोटा ने कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में डोर टू डोर प्रचार किया। हिम्मत सिंह के मुताबिक उन्होंने गुर्जर मुस्लिम बाहुल्य विधानसभा की पिछले 5 दिनों में 85 से अधिक गुर्जर मुस्लिम बाहुल्य गांवों के गुर्जर मुस्लिम नेताओं से सम्पर्क साधा।

गुर्जर नेता हिम्मत सिंह गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के बाद उत्तर प्रदेश की लगभग 25 लोकसभा सीटों पर 2 से 3 लाख गुर्जर मतदाता हैं। अमेठी और रायबरेली 3 लाख से अधिक गुर्जर मुस्लिम मतदाता हैं। उतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चिन्हित गांव में स्थानीय युवा गुर्जर नेता मंसूर हसन यासिर गुर्जर, किसान नेता इनाम उल्ला गुर्जर,शकील गुर्जर,मोहसीन गुर्जर, आशिक अली गुर्जर ज़ुबैर गुर्जर, नईम गुर्जर, मुहर्रम अली, मोहम्मद आज़ाद, इसरात हुसैन गांव शौना जगदीशपुर हिशाम अहमद , मुबास्सीर फहीम, आसिफ़ गुर्जर मुस्लिम गाँव अशरफ़गढ गरवर का पूरवा, सुभई का पूरवा, महुवाभोज, लाल का पूरवा, पूरे नौती पूरवे पूरवा, गौरीगँज दरशरहिया, खुदाबक्स का पूरवा, दर्जनों गांव में कांग्रेस के प्रत्याशी किशोरी के लिए प्रचार किया। हिम्मत सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसान क़ौम और युवाओ को नौकरी रोजगार नही दिया, इससे स्थानीय गुर्जरों में कांग्रेस के प्रति सहानूभूति है।

ग्रुप बनाकर ठगी करते 15 साइबर ठग दबोचे

## 16 मोबाइल और 15 फर्जी सिम जब्त, एक आरोपी फरार; लेन-देन का मिला ट्रांजैक्शन

राजस्थान की राजनीति



**भरतपुर।** डीग जिले के जुरहरा, कामां और पहाड़ी थाना पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जुरहरा थाना पुलिस ने तीन साइबर ठगी करते नाबालिग युवकों को पकड़ा है। पहाड़ी थाना पुलिस ने 5 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 9 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। वहीं कामां थाना पुलिस ने 7 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 7 मोबाइल और 15 फर्जी सिम जब्त की गई हैं।

### कामां थाना पुलिस की कार्रवाई

कामां थाना पुलिस ने गांव उदाका खेड़ा के जगलों में दबिश दी। जहां करीब 8 लोग एक ग्रुप में बैठकर मोबाइल चला रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। इस दौरान एक आरोपी भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने 7 आरोपियों की तलाशी ली तो उनके पास से 7 मोबाइल निकले। मोबाइल में चेक करने पर साइबर ठगी के ऑनलाइन लेनदेन का ट्रांजेक्शन मिला। तलाशी लेने पर आरोपियों से 15 सिम भी मिली जो फर्जी थी। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पहाड़ी थाना पुलिस की कार्रवाई

वहीं पहाड़ी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दो ठिकानों से 5 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 9 मोबाइल जब्त किए गए हैं। मोबाइल में तलाशी लेने पर ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के मैसेज, महिलाओं की अश्लील फोटो, ऑनलाइन पैसे का लेनदेन मिला। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### जुरहरा थाना पुलिस की कार्रवाई

कामां थाने में दर्ज साइबर ठगी के मामले में 3 नाबालिग साइबर ठग फरार चल रहे थे। जुरहरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि तीनों भंडारा गांव की पुलिया के पास खड़े हैं। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और तीनों नाबालिग को पकड़ लिया।

कलेक्टर ने किया आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण

## नई बिल्डिंग के निर्माण को देखकर बोले- 31 जुलाई तक हो जाएगी पूरी



राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** भरतपुर कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने शनिवार को आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान वह आरबीएम अस्पताल में बन रही नई बिल्डिंग में पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से नई बिल्डिंग में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं और वार्ड के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर अमित यादव ने कहा कि आज आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण किया गया। पुरानी बिल्डिंग के अंदर DDC के काउंटर और OPD के काउंटर पर काफी दिक्कतें हो रहीं हैं। अस्पताल की लिफ्ट बार-बार खराब हो जाती है। जिसके कारण मरीजों को OPD में परेशान होना पड़ता है। नई बिल्डिंग का काम चल रहा है, उसका निरीक्षण किया गया है। बिल्डिंग में मुख्य रूप से देखा गया है कि कैसे नई बिल्डिंग मरीजों के लिए अच्छी रहे। मरीज को इलाज के लिए घूमना न पड़े। कौनसा वार्ड, कहां रहेगा इसकी प्लानिंग की जा रही है। यह बिल्डिंग जुलाई या अगस्त तक बन जाएगी। बिल्डिंग पूरी करने की 31 जुलाई डेडलाइन है। तब तक यह पूरी हो जाएगी। मेडिकल की पूरी टीम बिल्डिंग की समय समय पर विजिट कर रही है।

# जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ की अच्छी पहल, थाने में बैठकर सुनी लोगों की समस्याएं, तुरंत कार्रवाई के निर्देश भी दिए

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ की अच्छी पहल, थाने में बैठकर सुनी लोगों की समस्याएं, तुरंत कार्रवाई के निर्देश भी दिएबगरू थाने में जयपुर पुलिस आयुक्त की जनसुनवाई.

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने अच्छी पहल की शुरुआत की है. वो अब पुलिस थाने में बैठकर लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं. साथ ही लोगों की सम्स्याओं के निवारण के लिए थाने से संबंधित अधिकारी को जरूरी निर्देश भी रहे हैं. इस पहल के तहत शनिवार को जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ बगरू थाने पहुंचे. जहां उन्होंने जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र



विश्नोई, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम नीरज पाठक, सहायक पुलिस आयुक्त बगरू आमीर हसन, सहायक पुलिस आयुक्त वैशालीनगर आलोक कुमार सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी मौजुद रहे

### सभी थानों में प्रतिदिन जनसुनवाई हो रही

बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है.

### लोगों की शिकायतों पर तुरंत रिस्पॉन्स कर निस्तारण के निर्देश

आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई. उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए. उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए.

### इससे पहले भी कई थानों में जन सुनवाई कर चुके पुलिस आयुक्त

गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस आयुक्त ने शिप्रापथ, कानोता, करधनी, विद्याधरनगर एवं शिवदासपुरा थाने में जनसुनवाई कर सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी. जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया. समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए. जनसुनवाई के दौरान जयपुर (पश्चिम) पुलिस थाना वैशाली नगर, करणीविहार, चित्रकूट, बगरू, भांकरोटा, सेज एवं बिन्दायका क्षेत्र के परिवादियो ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताई।

धारा की चार सौ बीसी देखें

## प्लाज्मा चोरी करते जिसे रंगे हाथ पकड़ा था... 4 धाराएं लगाने के बजाय पुलिस ने सामान्य चोरी की हल्की धारा ही लगाई

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जेके लोन अस्पताल से सरकारी सम्पत्ति (ब्लड और प्लाज्मा जैसे सेंसेटिव) की चोरी के बावजूद पुलिस साक्ष्य नहीं जुटा सकी। वहीं कमजोर धारा लगाने से केस की गंभीरता भी कम हो गई। इसके चलते लैब टेक्नीशियन कृष्ण सहाय कटारिया को कोर्ट से जमानत मिल गई। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

सरकार की ओर से प्लाज्मा चोरी को बेहद गंभीर मानते हुए जहां सरकार ने जेके लोन अस्पताल के ब्लड बैंक इंचार्ज को एपीओ कर दिया। जबकि खुद अस्पताल स्टाफ ने प्लाज्मा बैग की चोरी को रंगेहाथ पकड़ा था। यहां तक कि कटारिया ने खुद अस्पताल स्टाफ के सामने चोरी करना स्वीकार किया। अस्पताल स्टाफ से चूक यह हुई कि उन्होंने कटारिया की ओर से चोरी स्वीकार्यता का वीडियो नहीं बनाया। पुलिस की लचर जांच का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस ने अस्पताल अधीक्षक सहित अन्य किसी डॉक्टर तक से मामले में पूछताछ नहीं की। यहां तक कि कटारिया को भी छह दिन बाद गिरफ्तार किया जा सका।

पुलिस का कहना- साक्ष्य नहीं मिले... एक्सपर्ट बोले- पुलिस ने यह जानने की कोशिश ही नहीं की कि प्लाज्मा कहां और किसको बेचा?

प्लाज्मा चोरी हुआ, वीडियो तक नहीं बनाई गई, पुलिस ने गंभीर धाराएं क्यों नहीं जोड़ीं?

कॉल डिटेल के आधार पर निजी अस्पताल के कर्मियों से पूछताछ क्यों नहीं की गई?

जेके लोन और एसएमएस अस्पताल के स्टाफ से कड़ी पूछताछ क्यों नहीं की गई? जिन्होंने चोरी पकड़ी उन्हीं के बयान लिए।




अधिवक्ता संदीप लुहाड़िया और अधिवक्ता श्रीकृष्ण खंडेलवाल ने बताया कि इस केस में पुलिस ने आरोपी पर नियोक्ता के यहां पर नौकरी करते हुए उसके कब्जे की किसी संपत्ति की चोरी करने की धारा 381 का केस दर्ज किया। धारा 411 को सपठित ही नहीं किया। पुलिस तफ्तीश करती तो यह पता चलता कि आरोपी ने किसके लिए चोरी की और किसे बेचा जाना था। अन्य आरोपियों का खुलासा भी होता और आपराधिक षड्यंत्र की धारा 120बी भी लगती।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता विकास सोमानी ने बताया कि प्लाज्मा की चोरी करना गंभीर अपराध है, जिसमें पुलिस ने लापरवाही से जांच की है। आरोपी ने मामले में न केवल चोरी की, बल्कि अस्पताल प्रशासन के साथ धोखाधड़ी के चलते धारा 420 भी दर्ज होनी चाहिए थी।

### आरोपी के वकील बोले- वैचारिक मतभेद के चलते आरोप लगे?

आरोपी के अधिवक्ता विपुल शर्मा ने कहा कि मामले में एफआईआर 6 मई को दर्ज हुई थी और उसकी गिरफ्तारी 11 मई को हुई है। मामले में पुलिस ने अनुसंधान पूरा कर लिया है और उससे कोई बरामदगी नहीं है। वह अस्पताल में राजकीय कर्मचारी था और उसके आला अधिकारी डॉ. सत्येन्द्र सिंह से अनबन व वैचारिक मतभेद थे। मीडिया के दबाव में एफआईआर दर्ज हुई है। लेकिन पुलिस की ओर से यह भी नहीं बताया जा सका कि वैचारिक मतभेद में चोरी क्यों की गई? पुलिस यह तक नहीं बता सकी कि सरकारी सम्पत्ति की चोरी किस तरह और किसके इशारे पर की गई?

### सोनी अस्पताल के ब्लड बैंक में अनियमितताएं, प्लाज्मा चोरी में नाम आया सामने, नोटिस दिया

प्लाज्मा चोरी मामले में सोनी अस्पताल की संदिग्ध भूमिका सामने आने पर यहां के ब्लड बैंक की भी जांच की गई। जांच में ब्लड बैंक में सही जानकारियां दर्ज नहीं किया जाना सामने आया है। मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सोनी अस्पताल को नोटिस दिया गया है। सभी ब्लड बैंकों के निरीक्षण के लिए जोनल टीमों का गठन किया जाएगा।

### इन्होंने पकड़ी थी चोरी, यही बयान में बताया

डॉ. सतेन्द्र: ब्लड बैंक की ऑडिट पेंडिंग थी। प्लाज्मा कम होने की सूचना मिली थी। कटारिया से प्लाज्मा जब्त किया। उसने सभी के सामने चोरी करना स्वीकारा था।

अजय, रतन और दिनेश; कटारिया की कार से प्लाज्मा को ब्लड बैंक में रखा था। इन्होंने कटारिया से जानकारी ली थी कि प्लाज्मा कब से और क्यों चोरी कर रहा था?

शिक्षक संघ (शेखावत) की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विरोध व स्थानांतरण सहित कई मांगों को लेकर होगा आन्दोलन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) की राज्य कमेटी, जिला अध्यक्ष व जिला मंत्री गण की संयुक्त बैठक नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे इम्प्लॉइज यूनियन जोधपुर के सभागार में प्रदेश अध्यक्ष महावीर सिहाग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जोधपुर संभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर काला ने प्रदेश भर से आए शिक्षक नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक शिक्षक हितों व शिक्षा को बचाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

बैठक को संबोधित करते हुऐ महामंत्री उपेन्द्र शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्रों तथा शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात करने वाली जनविरोधी शिक्षा नीति है। इसे लागू करने का कड़ा विरोध किया जाएगा, क्योंकि यह कदम शिक्षा का निजीकरण करने तथा सार्वजनिक शिक्षा को बर्बाद करने वाला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति 2020 लागू होने से शिक्षकों की नियमित नियुक्तियां बन्द हो जायेगी जो नौजवानों के साथ धोखा होगा और शिक्षकों का शोषण बढ़ जाएगा। राज्य सरकार शिक्षा नीति 2020 को लागू करने पर आमादा है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति से अध्यापकों के हजारों विद्यालय हो जाएंगे बंद

शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने के परिणामस्वरूप विद्यालयों में अध्यापकों के हजारों पद समाप्त हो जाएंगे। नई शिक्षा नीति में संविदा और पार्ट टाइम आधार पर शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे, नियमित नियुक्तियां बंद हो जाएगी। विद्यालय प्रबंधन समिति को शिक्षक व कर्मचारी नियुक्त करने, वार्षिक वेतन वृद्धि स्वीकृत या अस्वीकृत करने, पदोन्नति देने या सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा। इसका परिणाम यह होगा कि शिक्षकों के संगठित होने तथा सामूहिक सौदेबाजी का अधिकार उन से छिन जाएगा और शिक्षा कर्मी शोषण के लिए अभिशप्त हो जाएंगे।

नई शिक्षा नीति लागू होने पर राज्य में हजारों विद्यालयों को बंद कर दिया जाएगा। इससे एक ओर शिक्षकों व कर्मचारियों के रोजगार समाप्त हो जाएंगे और दूसरी तरफ बालक शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार से वंचित हो जाएंगे। ऐसी घोर छात्र विरोधी, शिक्षक विरोधी तथा जन विरोधी शिक्षा नीति को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

बैठक में इस जन विरोधी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ व्यापक और तीव्र आंदोलन संगठित करने की रणनीति बनाई गई। संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णयानुसार आंदोलन के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जून के प्रथम पखवाड़े में राज्य स्तर के प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य के सभी जिलों के शिक्षक शामिल होंगे।

### राज्य प्रतिनिधि अधिवेशन में आंदोलन के अगले कदमों की जाएगी घोषणा

बैठक का समापन उद्बोधन देते हुए प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग ने कहा कि वर्षो से लंबित अध्यापकों के स्थानांतरण, स्थानांतरण नीति, पदोन्नति, गैर शैक्षिक कार्यो से मुक्ति, उप प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को वापिस हिंदी मीडियम बदलने के फैसले की समीक्षा आदि मुद्दों को लेकर व्यापक जाग्रति अभियान चलाया जाएगा और ग्रीष्मावकाश में आयोजित होने वाले राज्य प्रतिनिधि अधिवेशन में आंदोलन के अगले कदमों की घोषणा की जाएगी। बैठक में नए सत्र में नामांकन बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास तेज किये जाएंगे और पौधारोपण का अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में कोषाध्यक्ष राधेश्याम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत कुमार खराड़ी, वरिष्ठ शिक्षक नेता पोखरमल, अशोक लोदवाल, सुनिता सिहाग, राजेश भणभेरू, प्रहलाद राय पारीक ,पवन छिंपा, राजेंद्र प्रसाद टाक, रामलाल डागर, श्रवण पुरोहित, विनोद पूनिया, भूपसिंह कूकणा, मनफूल बगड़िया, सुरेंद्र कुमार सैनी, शंकर लाल गोदारा, रामनिवास, बाबूलाल बलवानी, चेतन राजपुरोहित, राधेश्याम यादव जयपुर, रेवंत राम गोदारा, गजानंद बेरवा, मांगीलाल, मोहम्मद शकील, बलवंत साहू, भंवर सांगवा, खुमाना राम सारण, कजोड़ मीणा, प्रकाश चौधरी, जगदीश चौधरी, व भोमाराम गोयल आदि प्रदेश के शिक्षक नेता उपस्थित थे।

बच्चों ने संग्रहालयों के महत्त्व के बारे जाना

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर नया सवेरा आश्रय गृह के बच्चों महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय का दौरा किया

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** द पैलेस स्कूल के कनेक्ट इंटरैक्ट क्लब ने 'अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस' के सम्मान के उपलक्ष्य में नया सवेरा आश्रय गृह के बच्चों के लिए महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय का एक परिचयात्मक और ज्ञान वर्धक दौरा आयोजित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल उर्वशी वॉर्मन द्वारा बच्चों के हार्दिक स्वागत के साथ हुई, जिसमें उन्होंने एनजीओ के बच्चों के साथ बातचीत की और उनके साथ भावनात्मक रूप से जुड़ी। स्वागत के बाद स्कूल के इंटरैक्टर्स द्वारा बच्चों को जलपान करवाया गया।

इसके बाद बच्चों के लिए मनोरंजन और आकर्षक गतिविधियां आयोजित की ,जिसमें बच्चों ने मैजिक पाई विभाग द्वारा



संचालित ब्रेन जिम अभ्यास में भाग लिया और नृत्य विभाग के नेतृत्व में आयोजित मनमोहक नृत्य में भाग लेकर अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी । इन गतिविधियों के दौरान, इंटरैक्टर्स ने एनजीओ के बच्चों के लिए साथी की तरह काम किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे हर पल का आनंद लें। फिर बच्चों को सिटी पैलेस ले जाया गया, जहां उन्हें सिटी पैलेस संग्रहालय के निर्देशित दौरे के लिए तीन समूहों में विभाजित किया गया। गाइड ने संग्रहालयों के महत्त्व के बारे में गहन जानकारी प्रदान की, जिससे बच्चों की सांस्कृतिक विरासत की समझ विकसित हुई। इसके बाद, बच्चों ने सर्वतोभद्र में महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्घाटन महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह जी ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पैलेस स्कूल द्वारा प्रस्तुत आकर्षक प्रदर्शनी थी, जिसमें स्मारकों के माध्यम से शिक्षा के प्रति उनके अभिनव दृष्टिकोण को दर्शाया गया था। इस प्रस्तुति की महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह से बहुत प्रशंसा की और वहां उपस्थित सभी लोगों का अनुभव और समृद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त ने स्टूडेंट्स को कला और संस्कृति के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि किस तरह किफायती मूल्य पर उपलब्ध यह हेरिटेज प्रशिक्षण शिविर स्टूडेंट्स को प्रतिष्ठित मार्ग दर्शकों के मार्गदर्शन में बहुमूल्य प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस दिन ने बच्चों पर गहरा प्रभाव डाला, उन्हें आनंद, शिक्षा और प्रेरणा से भरा एक समृद्ध और शैक्षिक अनुभव प्रदान किया, जिसकी यादें आने वाले वर्षों तक बनी रहेंगी।

## अलवर में पूर्व सरपंच के पैर में गोली मारी: कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर तलवार मारने का आरोप; माइंस लीज विवाद का मामला

राजस्थान की राजनीति

**अलवर।** अलवर के रामगढ़ के पूठी गांव में खिलौरा गांव के पूर्व सरपंच कृष्ण यादव पर पड़ोस के खान मालिकों द्वारा फायरिंग करने का आरोप है। यादव ने बताया- कुलविंदर व सोन हरप्रीत ने आकर हमला किया और मेरे पैर में गोली मार दी। मेरी कार पर भी फायर किए।

### पैर में मारी गोली

जिला अस्पताल में भर्ती पूर्व सरपंच कृष्ण



यादव ने बताया कि कुलविंदर व सोन हरप्रीत 10 दिन से धमकी देते आ रहे थे। जिसकी पहले रामगढ़ थाने में सूचना दे दी थी। शनिवार को मैं खान पर जा रहा था। पहले उन्होंने मुझे रुकने का इशारा किया। फिर मेरे पास आकर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली पैर पर लगी। एक गोली कान के पास से निकली। गोली हरप्रीत ने चलाई। सोनू ने तलवार से हमला किया। उनके साथ चार-पांच अन्य लोग भी थे। बाद में काफी लोग वहां एकत्रित हो गए। इसके बाद वे दोनों वहां से फरार हो गए।

### अवैध खनन का लगाया आरोप

यादव ने बताया- मैंने इनके खिलाफ पहले भी रामगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज करा रखी है। लेकिन पुलिस ने उन पर सख्ती नहीं की। इस कारण ये पंजाब के बदमाश लेकर आते रहे हैं। खुद अवैध खनन करते हैं। उनका मेरी लीज लेने का मकसद था। जिसके लिए वे पहले भी धमकी देते रहे हैं। शनिवार को हमला करने के बाद आसपास के लोग आ गए। इस कारण उनका भागना पड़ा। जिससे मेरी जान बच गई। हालांकि वे आगे भी जान से मारने की धमकी देकर गए हैं।

यादव ने बताया- उनके पास दो कार थी। एक गोली पैर में लगी। दो गोली ऊपर से निकल गई। एक कान के पास से निकली है। कार में था तभी फायरिंग शुरू कर दी थी। उन्होंने मुझे संभलने का मौका ही नहीं दिया। आखिरी में मुझे दुबारा से जान से मारने की धमकी दी है। पूठी में मेरी एक लीज है। जिसको कानूनी रूप से चला रहा हूं। जबकि आरोपी अवैध खनन करने में लगे हैं। उनको लीज के तहत खनन का काम पूरा हो चुका है। फिर भी खनन विभाग से मिलीभगत कर यह सब करते आ रहे हैं।


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।